प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

बुधवार 29 जनवरी 2025

● वर्ष 03 ● अंक 165

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

37 वर्ष 1987-2024

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्र. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 E-mail : shrambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

## फर्स्ट टेक

### वक्फ बोर्डों में शामिल हो सकते हैं गैर-मुस्लिम : संसदीय समिति

**नई दिल्ली/भाषा।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति वक्फ बोर्डों में गैर–मुसलमानों को शामिल करने के सरकार के कदम का समर्थन कर सकती है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संयुक्त संसदीय समिति बुधवार को अपनी रिपोर्ट स्वीकार करने वाली है। समिति शिया मुसलमानों के दो छोटे संप्रदायों– दाऊदी बोहरा और आगा खानी की दलीलों से भी सहमत है कि उनकी अपनी विशिष्ट पहचान है और उनकी स्वीकार्यता भी इसी रूप में होनी चाहिए। उन्होंने खुद को प्रस्तावित कानून के दायरे से बाहर रखने की मांग की थी।

### सर्बिया में प्रदर्शन तेज होने के बीच प्रधानमंत्री का इस्तीफा

**बेलग्रेड (सर्बिया)/एपी।** सर्बिया के प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने कई सप्ताह से जारी भ्रष्टाचार विरोधी व्यापक विरोध प्रदर्शन के चलते मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उत्तरी शहर नोवी सैड में नवंबर में मुख्य रेलवे स्टेशन पर एक छज्जा ढहने के बाद देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन की शुरुआत हुई थी। छज्जा ढहने की घटना में 15 लोगों की मौत हो गई थी। प्रदर्शनों को सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक के निरंकुश शासन के प्रति व्यापक असंतोष के रूप में देखा जा रहा। नोवी सैड में मुख्य रेलवे स्टेशन का हाल के वर्षों में दो बार नवीनीकरण और उद्घाटन किया गया। चीनी सरकारी कंपनियों के साथ बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर समझौते के तहत

# ‘बड़े संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है हमारा देश’

- प्रधानमंत्री मोदी ने किया 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन
- ‘एक भारत, श्रेष्ठ भारत’ की भावना को सभी खिलाड़ियों से आत्मसात करने का प्रधानमंत्री मोदी ने किया आग्रह



**देहरादून/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी के संकल्प को दोहराते हुए मंगलवार को कहा कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये पूरा जोर लगा रहा है और देश में ओलंपिक होंगे तो वह न सिर्फ भारत में खेलों को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगे बल्कि इनसे अनेक क्षेत्रों को गति मिलेगी।

यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,‘‘ जैसे हमारे खिलाड़ी हमेशा बड़े लक्ष्य लेकर चलते हैं, वैसे ही हमारा देश भी बड़े संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है।’’ उन्होंने कहा,‘‘आप सभी जानते हैं कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये पूरा जोर लगा रहा है। जब भारत में ओलंपिक होंगे तो वह भारत के खेलों को एक नये आसमान पर ले जायेंगे।’’

प्रधानमंत्री ने कहा,‘‘ ओलंपिक सिर्फ एक खेल का आयोजन नहीं होता। दुनिया के जिन देशों में भी ओलंपिक होता है, वहां अनेक क्षेत्रों में विकास को गति मिलती है। खेलों का बुनियादी ढांचा खड़ा होने से रोजगार का सृजन होता है। नये बुनियादी ढांचे के तैयार होने से निर्माण, परिवहन और पर्यटन क्षेत्र का विकास होता है।’’

मोदी ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी का भारत का इरादा मुंबई में 2023 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र के दौरान व्यक्त किया था। भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी को ओलंपिक की मेजबानी के इरादे का आशय पत्र सौंप दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों से ‘एक भारत, श्रेष्ठ भारत’ की भावना को आत्मसात करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा,‘‘ एक भारत, श्रेष्ठ भारत की बड़ी सुंदर तस्वीर यहां दिख रही है। यहां नये रिकॉर्ड बनेंगे, पुराने रिकॉर्ड टूटेंगे लेकिन मेरा आपसे आग्रह है कि जब आप यहां से जायें तो आपके पदक में भारत की एकता और श्रेष्ठता की चमक भी नजर आये।’’

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलों को आज भारत के विकास और युवाओं के आत्मविश्वास से जोड़कर देखा जा रहा है और पिछले कुछ समय में भारतीय खिलाड़ियों का असाधारण प्रदर्शन इसकी बानगी देता है। उन्होंने कहा,‘‘ हम खेलों को सर्वांगीण विकास का प्रमुख माध्यम मानते हैं। जब कोई देश खेल में आगे बढ़ता है तो उसकी साख और प्रोफाइल बढ़ती है और इसलिये आज खेलों को भारत के विकास से और युवाओं के आत्मविश्वास से जोड़ा जा रहा है।’’ उन्होंने आगे कहा, ‘‘आज भारत दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर है और हमारा प्रयास है कि इसमें खेल इकॉनामी का बड़ा हिस्सा हो। किसी भी खेल में खिलाड़ी के पीछे पूरा इको सिस्टम होता है और हम इसे देश के कोने कोने में फैलाना चाहते हैं।’’




## कच्चे माल का निर्यात स्वीकार्य नहीं, मूल्यवर्धन देश में ही हो : प्रधानमंत्री मोदी

### ‘उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव’ का किया उद्घाटन

**भुवनेश्वर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह कच्चे माल का निर्यात और तैयार उत्पादों का देश में आयात स्वीकार नहीं कर सकते। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मूल्यवर्धन देश में ही होना चाहिए।

भुवनेश्वर में ‘उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव’ का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि वह पूर्वी भारत को देश के विकास का इंजन मानते हैं और राज्य इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, केवल कच्चे माल के निर्यात से देश का विकास संभव नहीं है। इसलिए हम पूरे परिवेश को बदल रहे हैं और नए दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, खनिजों को यहां निकाला जाता है और उन्हें किसी अन्य देश में निर्यात किया जाता है, जहां उनका मूल्यवर्धन किया जाता है और नए उत्पाद बनाए जाते हैं। इन तैयार उत्पादों को फिर भारत वापस भेज दिया जाता है। मोदी को यह स्वीकार्य नहीं है।

बदलती दुनिया में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों को पहचानने का आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत छितराई और आयात आधारित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर नहीं रह सकता। उन्होंने कहा, इसके बजाय, वैश्विक उतार–चढ़ाव के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के भीतर एक मजबूत आपूर्ति तथा मूल्य श्रृंखला का निर्माण किया जाना चाहिए। यह जिम्मेदारी सरकार और उद्योग दोनों की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि अब दूर नहीं है।

### बजट में रोजगार, स्वरोजगार, सतत विकास पर जोर हो : सीएम

# मंईयां योजना का कोई भार आम लोगों पर नहीं पड़ेगा

**बजट पूर्व संगोष्ठी**

- योजना बनाने में लंबी अवधि का ध्यान जरूरी
- संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल पर जोर दें
- राजस्व संग्रहण की नयी संभावना तलाशनी होगी
- आउटकम तथा उपयोगिता का भी आकलन हो



**रांची।** सीएम हेमन्त सोरेन ने कहा कि बजट के जरिये एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ झारखंड सर्वांगीण विकास की राह पर आगे बढ़ सके। इसके लिए संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल जरूरी है। बजट ऐसा होना चाहिए, जिससे रोजगार सृजन हो, साथ ही स्वरोजगार उपलब्ध कराने का व्यापक प्रबंध हो। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना पर कई सवाल उठाये जा रहे हैं। सीएम ने कहा, हम जनता को यह आश्वस्त करते हैं कि वे किसी दुविधा में नहीं रहें। इस योजना के लिए किसी भी व्यक्ति पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जायेगा। सरकार अपने संसाधानों से ही मंईयां सम्मान योजना की राशि वितरित करेगी। सीएम मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अबुआ बजट- 2025- 26 की तैयारियों के सिलसिले में बजट पूर्व संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

**रोजगार सृजन पर विशेष फोकस हो :** सीएम ने कहा कि रोजगार से जुड़ी समस्याओं के निदान के साथ रोजगार सृजन के लिए ठोस कदम उठाई जायें। उन्होंने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिये हैं। इन सुझावों पर गंभीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। हमें अपने संसाधन खुद जुगाड़ करने हैं और आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए राशि भी खर्च करनी है। जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण के संभावनाओं को तलाशने के लिए ठोस कदम उठायें।

**लंबी अवधि को ध्यान में रखकर कार्य योजना बननी चाहिये :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास के लिए लंबी अवधि को ध्यान में रखकर योजनाएं बननी चाहिये। इसके लिए नींव मजबूत होना जरूरी है। अगर नींव मजबूत होगी तो भविष्य में बिल्डिंग में ऊंची बनाई जा सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार प्राथमिकताओं को तय कर बुनियाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है, ताकि भविष्य में भी उसकी ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता सिद्ध हो सके।

**मंईयां योजना से देश में अलग पहचान**

सीएम ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के इरादे से शुरू झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से देश भर में इस राज्य की अलग पहचान बनी है। इस योजना से 55 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस योजना की वजह से किसी भी व्यक्ति विशेष पर किसी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। इसके लिए राशि आंतरिक संसाधन से जुटाये जायेंगे। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अविनाश कुमार, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, योजना विकास सचिव सहित सभी विभागों के सचिव व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को रांची में मुफ्त मिलेगी जमीन





**रांची:** राज्य में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेमंत सरकार में जुटी हुई है. सरकार ने हॉकी के क्षेत्र में देश दुनिया में झारखंड का नाम रोशन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को मुफ्त जमीन देने का फैसला किया है.

झारखंड राज्य आवास बोर्ड की सितंबर महीने में हुए बोर्ड मीटिंग में लिए गए निर्णय के बाद बुधवार 29 जनवरी को दोनों खिलाड़ियों को जमीन आवंटन के कागज सौंपे जाएंगे. प्रोजेक्ट भवन में दोपहर एक बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे.

झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने बताया कि आवास बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार हरमू आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्गफीट का भूखंड मुख्यमंत्री के हाथों दोनों खिलाड़ियों को दिया जाएगा. खिलाड़ियों को मुफ्त जमीन देने से राज्य के खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा. सलीमा टेटे को प्लॉट नंबर 10 बी और निक्की प्रधान को प्लॉट नंबर 10 ए आवंटित किया जाएगा.

सलीमा टेटे भारतीय महिला हॉकी के कप्तान हैं उन्हें हाल ही में राष्ट्रपति के हाथों अर्जुन पुरस्कार मिला है. सिमडेगा के सदर प्रखंड के छोटे से गांव बड़कीछापर की रहने वाली सलीमा टेटे ने अपने गांव के मैदान से हॉकी खेलना शुरू किया था. बेहद ही सामान्य परिवार की सलीमा टेटे अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ती चली गई और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा.

सलीमा ने साल 2014 में पहली बार झारखंड टीम, 2016 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया. साल 2018 में उन्हें जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी मिली और 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बन गई. इसी तरह निक्की प्रधान की भी सक्सेस स्टोरी है. झारखंड की पहली महिला ओलंपियन और भारतीय महिला हॉकी टीम की मजबूत डिफेंडर निक्की प्रधान खूंटी के हेसल गांव की रहने वाली हैं. बेहद ही सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली निक्की प्रधान की घर की माली स्थिति अच्छी नहीं रही. इसके बावजूद संघर्ष और लगन के बल पर हॉकी जैसे खेल की दुनिया में पहचान बनाने में सफल रही हैं.

# मौनी अमावस्या का महास्नान कल बुधवार को, संगम से सड़क तक श्रद्धा का रेला

**प्रयागराज**

मौनी अमावस्या का महास्नान बुधवार को है, लेकिन दो दिन पहले ही स्नान के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। मौनी अमावस्या के पहले ही अनुमान से ज्यादा भीड़ आ जाने के चलते प्रयागराज जंक्शन पर तय समय के पहले ही वनवे लागू कर दिया गया है।

सरकार की ओर से महाकुंभ में 40 से 45 करोड़ लोगों के स्नान करने की उम्मीद है। यह आंकड़ा छूता भी दिख रहा है। मेला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार मौनी अमावस्या से एक दिन पहले ही स्नानार्थियों की कुल संख्या 15 करोड़ को पार कर जाने की उम्मीद है। रविवार तक 13.21 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। सोमवार को भी एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। मौनी अमावस्या से पहले मंगलवार को भी एक करोड़ से अधिक लोगों के स्नान की संभावना है। ऐसे में मौनी अमावस्या से एक दिन पहले ही स्नानार्थियों की कुल संख्या 15 करोड़ को पार कर जाने की उम्मीद है।

मौनी अमावस्या स्नान पर्व के पहले से ही स्नानार्थियों में उत्साह दिखने लगा। रविवार और सोमवार को तो जनसैलाब उमड़ा। प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार इन दो दिनों में करीब तीन करोड़ लोगों ने स्नान किया। इनमें से एक करोड़ 74 लाख श्रद्धालुओं ने रविवार को स्नान किया था। सोमवार को भी शाम छह बजे तक 1.18 लोगों ने स्नान कर लिया था। महाकुंभ में सोमवार चौथा दिन रहा जब एक दिन में एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान किया।

## धर्मांतरण को गंभीर बताकर जमानत देने से इनकार नहीं कर सकते; सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के जजों को चेताया

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग लड़के को इस्लाम में धर्मांतरित करने के आरोपी मौलवी को जमानत देने से मना करने पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि जमानत देना विवेक का मामला है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि जज अपनी मर्जी से धर्मांतरण को बहुत गंभीर मामला बताकर जमानत देने से मना कर दें। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हम समझ सकते हैं कि ट्रायल कोर्ट ने जमानत देने से मना कर दिया क्योंकि ट्रायल कोर्ट शायद ही कभी जमानत देने का साहस जुटा पाते हैं, चाहे वह कोई भी अपराध हो। लेकिन कम से कम, हाईकोर्ट से यह उम्मीद की जाती थी कि वह साहस जुटाए और अपने विवेक का न्यायपूर्ण तर-ीके से इस्तेमाल करे शीर्ष अदालत ने मौलवी सैयद शाद खजमी उर्फ मोहम्मद शाद को रिहा करने का आदेश दिया। कानपुर नगर में दर्ज मामले में गिरफ्तार शाद 11 महीने से जेल में था।

## न्यूज़ अपडेट

### आदित्यपुर के नए रेलवे स्टेशन बनकर तैयार

- टाटानगर का लोड होगा कम



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर का निर्माणाधीन नए रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है। मंगलवार की सुबह चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया ने निरीक्षण किया है। बता दें कि, अभी नए स्टेशन की बिल्डिंग का विधिवत उद्घाटन नहीं हुआ है। लेकिन डीआरएम के निरीक्षण के बाद आदित्यपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 दोनों निर्माणाधीन प्लेटफार्म से ट्रेनों का परिचालन सामान्य तरीके से शुरू हो गया है। नवनिर्मित रेलवे स्टेशन भवन भी अब पूरी तरह कार्य करने लगा है। डीआरएम तरुण हुरिया ने बताया कि, जल्द ही आदित्यपुर रेलवे स्टेशन से कई नई ट्रेन खुलेंगे, जिसकी तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि टाटानगर स्टेशन पर लोड कम करने के उद्देश्य से भी आदित्यपुर रेलवे स्टेशन तक ट्रेनों को परिचालन किया जाएगा।

### 72.63 लाख की लागत से बनेगी जयप्रकाश उद्यान की सड़क

**जमशेदपुर।** सरायकेला जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र वार्ड संख्या-17 खरकई पुल से सटे जयप्रकाश उद्यान जानेवाली बहुप्रतीक्षित सड़क की मांग अब पूरी हो गई है। आदित्यपुर नगर निगम द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिसका शिलान्यास पश्चिम सिंहभूम सांसद जोबा माझी ने मंगलवार को किया। आदित्यपुर जयप्रकाश उद्यान से होकर लक्ष्य अपार्टमेंट तक लंबे समय से स्थानीय लोगों के मांग पर उक्त योजना को अमलीजामा पहना दिया गया है. 920 मीटर लंबी यह सड़क 72 लाख 63 हजार की लागत से भारद्वाज कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाया जाएगा. जिसे अगले 6 माह में पूरा किया जाना है। मौके पर मौजूद सांसद जोबा मांझी ने कहा कि यह योजना स्थानीय लोगों के लिए काफी जन उपयोगी है. इन्होंने कहा कि आगे भी क्षेत्र के महत्वपूर्ण, जन उपयोगी, कल्याणकारी योजनाओं को सरकार पूरा करेगी. इस मौके पर स्थानीय निवासियों में सुधीर सिंह, भारद्वाज कंस्ट्रक्शन के प्रभात कुमार सिंह, कमल नयन महेंद्र कुमार समेत स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### सोनारी में आइएफबी कार्यालय के एकाउंटेंट ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** सोनारी थानांतर्गत रोड नंबर सात स्थित आइएफबी के कार्यालय में काम के दौरान प्रदीप सरकार (45 वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार को परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए सिल्लीगुड़ी ले गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप सरकार आइएफबी कार्यालय में एकाउंटेंट के पद पर काफी दिनों से काम कर रहे थे. वह मूल रूप से सिल्लीगुड़ी के रहने वाले थे। सोमवार को उनकी पत्नी बच्चे को स्कूल लेकर गयी थी. वह ड्यूटी जाने की बात कह कर घर से निकले थे। ड्यूटी के दौरान ही उन्होंने कार्यालय के एक अलग कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। ऑफिस के कर्मचारियों ने सोनारी पुलिस को इसकी जानकारी दी. सूचना मिलने पर सोनारी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप ने नौकरी से इस्तीफा भी दे दिया है. लेकिन इसका क्या कारण है, इस बारे में जानकारी नहीं मिली है। सोनारी पुलिस ने बताया कि प्रदीप के पास से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है. परिवार के लोग भी सदमे में हैं. जिस कारण से बात नहीं हो पायी है।

### दलमा के इंट्री प्वाइंट पर हाथी का एक बड़ा स्ट्रक्चर करेगा स्वागत

**जमशेदपुर।** दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी का लगातार विकास चल रहा है। इसके इंट्री प्वाइंट को सजाया और संवारा जा रहा है। इसके तहत एक बड़ा स्ट्रक्चर हाथी का गेट पर लगाया जा रहा है। इसको लेकर क्रेन की मदद से इस बड़े हाथी को यहां खड़ा किया गया। आगंतुकों के लिए यह हाथी तैयार किया गया है, ताकि लोग यहां खड़ा होकर सेल्फी ले सके। इसको दो क्रेन की मदद से एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। इंट्री प्वाइंट में ही इसको स्थापित किया जा रहा है. गौरतलब है कि हाल के दिनों में लगातार आगंतुकों की संख्या बढ़ी है. इस वजह से इसको नये सिरे से तैयार किया जा रहा है।

### कोल्हान में बिजली चोरी करते 132 पकड़ाये

**जमशेदपुर।** बिजली विभाग की टीम ने कोल्हान के 893 स्थानों पर औचक छापेमारी की. इस दौरान 132 घरों व प्रतिष्ठानों में बिजली चोरी पकड़ी गयी। वहां से चोरी में इस्तेमाल तार, खराब बिजली मीटर जब्त करने की कार्रवाई के साथ सभी 132 आरोपियों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कराया गया। साथ ही आरोपियों पर 19.78 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया। वहीं आरोपियों के 132 उपभोक्ताओं के घर व प्रतिष्ठान का बिजली कनेक्शन काटा गया। इस संबंध में अजित कुमार, बिजली जीएम, जमशेदपुर एरिया बोर्ड का कहना हैं कि कोल्हान में बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया, इसमें 132 उपभोक्ता पकड़ाये. उनपर केस दर्ज कर जुर्माना लगाया गया।

### झारखंड में 30 जनवरी से मौसम में बदलाव संभव

**जमशेदपुर।** उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और बारिश के कारण झारखंड के सभी जिलों तापमान तेजी से गिरा है। सुबह और शाम लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है. मौसम विभाग की मानें तो राज्य में मौसम का मिजाज फिर बदलेगा. वहीं अगर हम कल यानि बुधवार के मौसम की बात करें तो न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं दिखाई पड़ रही है. इस दौरान राजधानी का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तो अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा। रांची स्थिति मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 30 जनवरी से मौसम में बदलाव संभव है. तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी होगी. इससे ठंड से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकेगी. इस दौरान अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहेगा. अभी अधिकतर जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के करीब है. जबकि न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है। वहीं अगर हम बीते 24 घंटे के मौसम की बात करें तो झारखंड का मौसम शुष्क रहा. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 30.0 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में दर्ज किया गया तो वहीं न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस चतरा में रिकॉर्ड किया गया. लगातार तापमान में हो रहे बदलाव ने लोगों को बीमार करना शुरू कर दिया है. अस्पतालों में सर्दी खांसी मरीजों की भीड़ तेजी से बढ़ रही है. मौसम विज्ञानिकों ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

# सांसद की अध्यक्षता में हुई दिशा की बैठक, जनता से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा के दौरान दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जमशेदपुर।**




समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद, जमशेदपुर विद्युतवरण महतो की अध्यक्षता में आहूत की गई। विधायक जमशेदपुर पश्चिम सरयू राय, विधायक बहरागोड़ा समीर मोहंती, विधायक पोटका संजीव सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा समेत अन्य विधायकगण के प्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख समेत पदाधिकारियों में पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार समेत अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में पूर्व के दिशा की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में संबंधित विभागों के साथ अनुपालन एवं प्रगति प्रतिवेदन की विस्तार से समीक्षा की गई। सांसद, जमशेदपुर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाये गए जनहित के मुद्दों पर संवेदनशील होकर कार्य करें तथा जनहित में योजना विलंब न हो और गुणवत्तापूर्ण कार्य हो, इसके लिए संवेदकों की जवाबदेही तय करें, योजनाओं का कियान्वयन ससमय हो, इसे विभागीय पदाधिकारी सुनिश्चित करायें। समीक्षा के क्रम में पाइपलाइन जलापूर्ति, सोलर जलमीनार, चापाकल अधिष्ठापन के माध्यम से पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर संचालित योजनाओं का लाभ आमलोगों तक निर्बाध रूप से पहुंचाने तथा सभी योजनाओं की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, तकनीकी दिक्कतों या छोटी-मोटी समस्याओं के कारण किसी योजना में पेयजलापूर्ति बाधित होती हो तो तत्काल ठीक कराने और आवश्यकतानुरूप विभाग से समन्वय बनाकर बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पहल करने का निर्देश दिया गया। पेयजल संबंधी शिकायतों का समाधान के लिए शिकायत पंजी की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्रवाई का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा अनियमित विद्युत मीटर रीडिंग लेने तथा जर्जर पोल का मामला समिति के समक्ष रखा गया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि वैसे उपभोक्ता जिनका तकनीकी कारणों से विद्युत विपत्र निर्गत नहीं हो पाता है, उसका निराकरण कर उन्हें विद्युत विपत्र उपलब्ध करा दिया जाता है । वहीं जर्जर पोल बदलने हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा नया स्थाई पोल लगाने का कार्य जारी है, सर्वे उपरांत 50 फीसदी जगहों पर नया पोल लगा दिए गए हैं। बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात के संदर्भ में चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा कई विद्यालयों में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की कमी का मामला उठाया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर वैसे विद्यालयों में शिक्षकों का पदस्थापन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उपायुक्त के द्वारा जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गई कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रथम चरण में नेशनल व स्टेट हाईवे के किनारे अवस्थित विद्यालयों में बाउंड्री वॉल प्राथमिकता के आधार पर बनाये जाने हेतु योजना पर कार्य किया जा रहा है । शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत बीपीएल बच्चों के नामांकन पर चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्र के निजी विद्यालयों में भी बीपीएल बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड स्तर पर विद्यालय प्रबंधन के साथ बैठक करने का निदेश दिया गया । वित्त रहित विद्यालयों में बेंच-डेस्क की कमी के मामले पर उपायुक्त द्वारा बताया गया कि सी.एस.आर से इसे सुनिश्चित कराया जाएगा। बहरागोड़ा एवं पटमदा के मॉडल विद्यालय हस्तातंरण पर भी चर्चा हुई। वित्त रहित विद्यालय के लिए भूमि की आवश्यकता संबंधी सवाल पूछे जाने पर शिक्षा विभागीय पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए 2 एकड़ तथा शहरी क्षेत्र के लिए 50 डिसमिल आवश्यक है।

## कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस विभाग की पहली प्राथमिकता- रमाकांत

**बड़बिल।**



बड़बिल सेवा ग्रुप द्वारा अपने कार्यालय में झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस बड़ी उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमाकांत मुदली आईईसी बड़बिल पुलिस, गेस्ट ऑफ ऑनर सबल झा सीएसआर हेड जेएसडब्ल्यू थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हर नागरिकों का कर्तव्य है कि देश की सुरक्षा और विकास में अपना योगदान दे। उन्होंने पुलिस विभाग के जिम्मेदारियां में प्रकाश डालते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान बच्चों के लिए कई कंपटीशन और खेलकूद का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य रूप से म्यूजिकल चेयर, सीनियर और जूनियर बास्केट टू बॉल, बैलेंसिंग बॉल इन द स्पून, मेहंदी, रंगोली, ड्राइंग कंपटीशन आदि शामिल हैं। इसमें शामिल सभी बच्चों को कैंसिलेशन प्राइस और सर्टिफिकेट दिया गया। अंत में रतन प्रधान स्कूल के बच्चे संबलपुरी डांस प्रस्तुत किया। डांस ग्रुप के सभी बच्चों को 100 रुपए समेत गिफ्ट दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सबल झा, विनोद भावसिंका, शंकर कोनार, तरुण कुमार सेन, बारीक बाबू, कपिल करमाकर, विकास जायसवाल, राजेश राय, अनिल अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, कमल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## अशोक लेलैंड ने झारखंड में तीन नए डीलरशिप का किया उद्घाटन, पूर्वी भारत में विस्तार

**जमशेदपुर/धनबाद।**



देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने झारखंड में तीन नए डीलरशिप आउटलेट का उद्घाटन किया। साहू एंड संस ट्रकिंग्स के साथ साझेदारी में खोले गए इन आउटलेट्स में दो रांची और एक चतरा जिले के सेरेंगदाग में स्थित हैं। रांची में उद्घाटित 3एस डीलरशिप एनएच-20 पर स्थित है, जो 60,000 वर्ग फुट में फैली है और 10 सर्विस बे से सुसज्जित है। यह आउटलेट रांची, हजारीबाग, गुमला, रामगढ़ सहित आठ जिलों में सेवा प्रदान करेगा। इसमें व्हील एलाइनमेंट मशीन, न्यूमैटिक सिस्टम और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की मरम्मत के लिए विशेष बे उपलब्ध हैं। वहीं, रांची का दूसरा 1एस आउटलेट बिक्री पर केंद्रित है। सेरेंगदाग में खुला तीसरा 2एस डीलरशिप 25,000 वर्ग फुट में फैला है, जिसमें सात सर्विस बे हैं। यह चतरा कोयला खदान और एनटीपीसी टंडवा के पास स्थित है, जिससे क्षेत्रीय परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इस संबंध में अशोक लेलैंड की राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख माधवी देशमुख ने कहा कि हम झारखंड में बढ़ती बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आर्थिक गतिविधियों के तहत ग्राहकों की मांग पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साहू एंड संस के निदेशक विवेक विशाल ने इसे क्षेत्रीय विकास के लिए अहम कदम बताया। कंपनी ने वाणिज्यिक वाहनों और सेवा केंद्रों के माध्यम से पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत की है।

## जमशेदपुर सांसद ने यात्री सुविधाओं और विकास कार्यों पर रेलवे अधिकारियों को दिए सुझाव

**जमशेदपुर।**



खड़गपुर-राखामाइंस सेक्शन में आज जीएम/एसईआर अनिल कुमार मिश्रा और डीआरएम खड़गपुर केआर चौधरी ने विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चाकुलिया स्टेशन पर जमशेदपुर सांसद विद्युत बरन महतो भी शामिल हुए। सांसद विद्युत बरन महतो ने चाकुलिया स्टेशन का गहन निरीक्षण करते हुए स्टेशन परिसर, कॉलोनियों और रोड अंडर ब्रिज का दौरा किया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से यात्री सुविधाओं और स्टेशन के आधारभूत ढांचे के विकास पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन से संबंधित विभिन्न मुद्दों को उठाया और रेलवे अधिकारियों को आवश्यक सुझाव भी दिए। सांसद महतो ने कोकपाड़ा और धालभूमगढ़ स्टेशनों के बीच प्रस्तावित बड़कोला हॉल्ट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ चर्चा कर क्षेत्र में यात्री हॉल्ट खोलने की व्यवहार्यता का आकलन किया। यह पहल स्थानीय यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देने के उद्देश्य से की जा रही है। इसके अलावा, सांसद ने धालभूमगढ़ स्टेशन का भी दौरा कर वहां की स्थिति और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने घाटशिला स्टेशन पर चल रहे ष्अमृत स्टेशन विकासष योजना की प्रगति की समीक्षा की। सांसद ने यात्रियों की सुविधा और आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव दिए और त्वरित कार्यान्वयन की अपील की। सांसद विद्युत बरन महतो ने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए स्टेशन का विकास किया जाएगा। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से आग्रह किया कि स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं को जल्द से जल्द लागू किया जाए। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने सांसद को विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी दी और उनकी समस्याओं को जल्द हल करने का आश्वासन दिया। इस दौरे से क्षेत्रीय रेलवे सेवाओं में सुधार और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की उम्मीद है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक, कुकडु, टीकर सहित कई जगहों पर सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।



परिवहन विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से मेजिड आरटिस्ट एसोशिएशन आफ ट्रायवल के कलाकारों ने बीना हेलमेट से बाइक चलाने का दुष्परिणाम, नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने का दुष्परिणाम, बीना सीट बेल्ट पहने वाहन चालकों का सड़क दुर्घटना में मृत्यु, नशे के हालत में वाहन चलाने आदि के संबंध में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दिया गया। कलाकारों ने सड़क दुर्घटना के कारणों और बचाव को लेकर नाटक का प्रस्तुती किया। वहीं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का अपील किया गया। बताया गया कि बीना हेलमेट पहने बाइक नही चलाएं और न ही पीछे बैठें , सीट बेल्ट को लगाकर वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन नहीं चलाने का अपील किया। जीवन की मुल्य के संबंध में भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दिया गया। सड़क दुर्घटना की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचाने का अपील करते हुए अस्पताल पहुंचाने वाले पर सरकारी प्रोत्साहन राशि के संबंध में जानकारी दिया। मौके पर आरती हांसदा, अनिता मुर्मू,पायल सोरेन, दुलारी मार्डी, राहुल हांसदा,बाबूलाल मुर्मू आदि कलाकार सामिल थे।

## डायन प्रथा एवं बलि प्रथा को समाप्त करने के लिए मन के प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना होगा मन के भीतर के परमात्मा जानना होगा

- **परमात्मा हर मनुष्य के हृदय में वास करते हैं उन्हें आध्यात्मिक क्रिया से जानना होगा इसी से मन मजबूत होता है**
- **मन से कमजोर लोग ही डायन प्रथा एवं बलि प्रथा पर विश्वास करते हैं जो कि समाज के लिए जहर है**
- **डायन प्रथा अर्ध विकसित समाज की मानसिक बीमारी है अब समाज विकसित हो चुका है**




**संवाददाता।**

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से पटमदा के गेंगाड़ा के बस्तियों में तीन जगह तत्व सभा का आयोजन किया गया एवं ग्रामीणों के बीच 200 फलदार पौधे का वितरण किया गया । सुनील आनंद लोगों को बताया कि डायन प्रथा एवं बलि प्रथा को समाप्त करने के लिए मन के प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना होगा और इसके लिए परमात्मा को मन के भीतर खोजना होगा

परमात्मा हर मनुष्य के हृदय में वास करते हैं विराजमान है उन्हें आध्यात्मिक क्रिया से जानना होगा और यह जो जानने की क्रिया है इसी से मन मजबूत होता है। संकल्प शक्ति बढ़ती है । बलि प्रथा को धीरे-धीरे त्याग कर देना चाहिए क्योंकि बलि देने से भगवान नाराज होते हैं क्योंकि यह पृथ्वी परम पुरुष की मानसिक परिकल्पना है और इस सृष्टि के पालन करता परम पुरुष ही हैं जब वही इस सृष्टि के पालन करता है तो और यह सृष्टि उन्हीं के मानसिक परिकल्पना है तो अपने छोटे-छोटे बच्चों का वह बलि कैसे ले सकते हैं इस लिए भगवान ,देवी देवता के नाम पर बलि देना अब ठीक बात नहीं क्योंकि समाज अब धीरे-धीरे विकसित हो रहा है बहुत सारी विभिन्न संप्रदायों की मान्यताएं भी अब झूठा साबित हो रही है क्योंकि मान्यताएं मनुष्य के द्वारा अपने स्वार्थ के लिए बनाई गई थी । किसी भी संप्रदाय में भगवान के नाम पर बलि देकर उत्सव मनाना बहुत ही खराब बात है ।डायन कुछ नहीं होता है यह अर्ध विकसित समाज की एक मानसिक बीमारी है अब समाज बहुत विकसित हो चुका है।

दुख का कारण मनुष्य का अपना संस्कार एवं कर्म फल है यही कारण है कि कोई धनी, कोई गरीब कोई स्वस्थ या कोई जन्मजात अस्वस्थ ।इससे संघर्ष करने के लिए मनुष्य को मानसिक शक्ति की जरूरत होती है जो की परम पुरुष परमात्मा के भजन ,कीर्तन करने से प्राप्त होती है ना की किसी ओझा गुनी के चक्कर में पड़ कर पैसा बर्बाद करना एवं अपने को अंधविश्वास के चंगुल में फंसा देना इससे हर स्तर पर मनुष्य को हानि होती है मनुष्य के मन में एक तरह का भय प्रवेश कर जाता है और वह बार-बार उस ओझा का चक्कर में पड़ता रहता है विषैला जीव सांप बिच्छू काटने एवं बीमार होने पर झाड़ फूंक के चक्कर में ना पड़े सरकारी अस्पताल में चिकित्सा करवाए झाड़ फूंक से कोई भी किसी की जान नहीं ले सकता यह सब भ्रम है ओझा गुनी से डरने की जरूरत नहीं है। ओझा किसी को भी डायन बात कर किसी की हत्या करवा देते हैं। यह सब अंधविश्वास है। अपने मन को मजबूत करने के लिए परमात्मा का कीर्तन करें

इसलिए इससे हमको ऊपर उठने के लिए अपने आंतरिक शक्ति को मजबूत करना होगा उसके लिए ज्यादा से ज्यादा परमात्मा का कीर्तन भजन करने से मनुष्य को का आत्म बल बढ़ेगा और जब आत्म बल एवं भक्ति बढ़ गया तो फिर कोई भी ऐसे व्यक्ति को गुमराह नहीं कर सकता।ओझा गुनी के पास इतनी शक्ति नहीं कि वह किसी भी मनुष्य को मार सकते हैं अगर उनमें इतनी ही शक्ति है तो उन्हें बॉर्डर पर बैठा दिया जाता और भारत से बॉडर से बैठ कर दुश्मन देश के लोगों को मारते रहते हैं परंतु ऐसी शक्ति ही नहीं है कि कोई भी मनुष्य किसी को तंत्र-मंत्र से मार सकता है

## न्यूज़ अपडेट

### झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार को




**एजेंसी । रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार, 29 जनवरी को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से मंगलवार को सूचित किया गया है कि कैबिनेट की बैठक 29 जनवरी को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती महोत्सव बुधवार को मनाया जाएगा



**एजेंसी । रांची।** राष्ट्र सेविका समिति और रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के तत्वाधान में बुधवार (29 जनवरी) को अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में अपराह्न 3 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा करेंगे तथा मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति के प्रमुख संचालिका वी. शांता कुमारी होंगी।

### रंगदारी मांगने आए नक्सलियों की ग्रामीणों ने की पिटाई, एक की मौत



**एजेंसी । लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के बारी रामपुर गांव में लेवी वसूलने आये नक्सलियों की ग्रामीण और मजदूरों ने जमकर धुनाई कर दी। इस घटना में एक नक्सली की मौत हो गई । मृत नक्सली की पहचान अभय उर्फ किशोर नायक के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात लगभग सात की संख्या में उग्रवादी हथियार के साथ ईंट भट्ठों से रंगदारी वसूलने रामपुर गांव गए थे। यहां एक भट्ठा में रंगदारी को लेकर नक्सलियों ने संचालक और मजदूरों के साथ मारपीट कर दी। इससे मजदूर आक्रोशित हो गए और नक्सलियों से भिड़ गए। मजदूरों के उग्र रूप को देखकर नक्सली फायरिंग कर भागने लगे। परंतु मजदूर और ग्रामीणों ने तीन नक्सलियों को पकड़ लिया और उनकी जमकर धुनाई कर दी। इधर स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को भी दी। जिसके बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और नक्सलियों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घायल उग्रवादी अभय नायक को चंदवा अस्पताल में भर्ती कराया परंतु इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के संबंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि रंगदारी मांगने गए नक्सलियों के द्वारा मजदूर और भट्ठा संचालक के साथ मारपीट करने से मजदूर नाराज हो गए थे। एसपी ने कहा कि मृत नक्सली के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### डीडीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिए कई निर्देश




**एजेंसी । रामगढ़।** रामगढ़ डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान डीसी ने कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीडीसी ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के जरिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यकारी एजेंसियों को उनके तहत किए जा रहे हैं। योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीडीसी ने अब तक हुए कार्यो की विस्तार से जानकारी ली। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले में अन्य पर्यटन स्थलों को चयनित कर उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

# बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**एजेंसी । रांची**



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कंपटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पटमदा की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कंपटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कंपटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए सरकार कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि नेशनल स्कूल बैंड कंपटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया था। झारखंड के लिए पहला मौका था जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो।

## रांची विवि का दीक्षांत समारोह 7 मार्च को, 77 विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल




**एजेंसी । रांची**

रांची विश्व विद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह सात मार्च को होगा। मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार होंगे। समारोह में स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों के 77 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इनमें 15 मेडल स्पांसर होंगे। विवि प्रशासन ने मंगलवार को बताया गया कि मेडिसिन में ओवरऑल बेस्ट मास्टर डिग्री, मेडिसिन एमडी तथा काउंसलिंग इन साइकोलॉजी के अवार्ड की घोषणा रिजल्ट जारी नहीं होने के कारण नहीं की जा सकी है। जारी लिस्ट में अगर किसी विद्यार्थी को कोई आपत्ति है, तो वे 31 जनवरी तक अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ परीक्षा नियंत्रक के पास दर्ज करा सकते हैं। कुल 77 में अब तक 59 मेडल लड़कियों के नाम है।

## हेमंत सरकार अविलंब प्रयागराज में नोडल अधिकारी और कर्मचारियों की नियुक्ति करे : प्रतुल शाह देव

**एजेंसी । रांची**




भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना सनातन विरोधी चेहरा दिखा दिया है। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हो रहा है। करोड़ों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु महाकुंभ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से झारखंड की हेमंत सरकार ने इस अवसर पर प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की है। प्रतुल शाह देव ने कहा कि अनेक राज्यों की सरकारों ने कुंभ स्नान के अवसर पर अपने-अपने राज्यों से नोडल अधिकारियों को प्रयागराज में नियुक्त किया है। साथ ही अलग-अलग राज्यों के कर्मचारियों और अधिकारियों की बड़ी फौज भी लगातार कैंप करके उन राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रख रही है। कई राज्यों ने स्पेशल बस को रवाना किया है। राज्यों ने अपने यहां से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने, खाने-पीने, भोजन आदि की व्यवस्था का भी ध्यान रखा है लेकिन झारखंड सरकार इस मामले में बिल्कुल ही असंवेदनशील रही है। झारखंड सरकार ने इस अवसर पर कोई विशेष व्यवस्था झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए नहीं की है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने मांग की है कि अभी भी महाकुंभ में 26 दिन का समय बचा हुआ है। राज्य सरकार अविलंब झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज में अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात करे और श्रद्धालुओं को उचित सुविधा देने का कार्य करे। राज्य सरकार अपने स्तर से विशेष बस सेवा को भी बहाल करे। शाह देव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरीके से कुंभ मेला और सनातन विरोधी बयान दिया, वह इंडी गठबंधन की सनातन विरोधी सोच को दिखाता है। झारखंड सरकार भी कांग्रेस के समर्थन से ही चल रही है। लिहाजा ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस की मानसिकता के अनुसार ही झारखंड सरकार ने महाकुंभ को नजरअंदाज करने का काम किया है।

## विधायक डॉ नीरा यादव ने संगम में लगाई डुबकी, कहा - अद्भुत और अद्वितीय

**एजेंसी । कोडरमा,**





स्थानीय विधायक और झारखंड की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने अपने परिजनों और समर्थकों के साथ संगम में डुबकी लगाई। विधायक डॉ नीरा यादव सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं। वे महामंडलेश्वर बाबा सुखदेव दास के शिविर पहुंचने पर कई लोगों ने उनका स्वागत किया। संगम में डुबकी लगाने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और मां गंगा की पूजा आराधना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दिव्य है और यूपी सरकार की व्यवस्था भी अद्भुत है। लाखों करोड़ों की भीड़ के बाद भी निरंतर साफ सफाई तो वहीं लोगों को कोई परेशानी नहीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आकर और संगम में डुबकी लगाकर धन्य महसूस कर रही हूं। पवित्र गंगा जल में सदियों से साधु, संत और महात्मा आते रहे हैं। महाकुंभ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। कुंभ हमारे सनातन जीवन-दर्शन को दर्शाता है। धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस जुटान में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने का मौका मिला। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा मौका जीवन में कभी कभी ही मिलता है, सभी सनातनियों को महाकुंभ में पवित्र संगम स्नान करना चाहिए। विधायक के साथ उनके पति विजय यादव, पुत्र हर्षित कृष्ण के अलावा रमेश प्रसाद यादव, संजीव समीर, धर्मेंद्र कुमार बंशी, बिनोद कुमार मुन्ना, महेंद्र यादव, उमा देवी, सुशीला देवी, रूपा देवी, मधु कुमारी, ललिता देवी, कविता देवी, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह, उत्तम कुमार, रंजन कुमार, राजू चौधरी, नीलेश उर्फ निक्कू आदि ने भी पवित्र संगम में डुबकी लगाई। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मंगलवार को विधायक की ओर से दी गई।

## टेरर फंडिंग मामला: एनआईए की छापामारी में बरामद पैसे वापस दिलाने की मांग वाली सुदेश केडिया की याचिका खारिज

**एजेंसी । रांची**




टेरर फंडिंग केस के आरोपित सुदेश केडिया को मंगलवार को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने केडिया की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने वर्ष 2018 में एनआईए की छापेमारी में उसके आवास और कार्यालय से एजेंसी के जरिये बरामद किये गये 9 लाख 95 हजार रुपये वापस करने की मांग की थी। यह मामला चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना में टेरर फंडिंग से जुड़ा हुआ है। पूर्व में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एनआईए की छापेमारी में सुदेश केडिया के आवास से बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये उनके व्यवसाय का है, यह टेरर फंडिंग का पैसा नहीं है। इस पैसे से कर्मियों को सैलरी दी जानी थी इसलिए एनआईए के जरिये बरामद 9 लाख 95 हजार रुपये को उन्हें वापस दिलाया जाए लेकिन हाई कोर्ट ने जब्त पैसे रिलीज करने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआईए की विशेष अदालत में सुनवाई जारी है। एनआईए ने टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 2/2016 को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में 17 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में कई आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित हो चुका है। एनआईए ने जांच के दौरान यह पाया है कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी और शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रही थी। तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया था। टेरर फंडिंग मामले के आरोपितों में आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक महेश अग्रवाल, बीकेबी ट्रांसपोर्ट के उपाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, सोनू अग्रवाल उर्फ अमित अग्रवाल, कारोबारी सुदेश केडिया, ट्रांसपोर्टर सुधांशु रंजन उर्फ छोटू सिंह, अजय सिंह, मास्टरमाइंड सुभान खान, टीपीसी के जोनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ नेताजी, क्षेत्रीय कमांडर ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता, बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू, भीखन गंझू उर्फ दीपक गंझू, प्रदीप राम, विनोद गंझू, मुनेश गंझू, बीरबल गंझू, मुकेश गंझू उर्फ मुनेश्वर गंझू, कोहराम एवं अनिश्चय गंझू शामिल हैं।

## जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटका: बाबूलाल मरांडी

**एजेंसी । रांची**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। करीब 21 लाख छात्र, जिनकी मैट्रिक-इंटर और अन्य बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर होनी चाहिए थीं, वो जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से बाधित हो सकती है। यदि समय पर परीक्षाएं नहीं हुईं, तो छात्रों को अगले शिक्षण सत्र में नामांकन लेने में भी काफी परेशानी होगी। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इसी तरह जेपीएससी अध्यक्ष का पद भी पिछले वर्ष अगस्त से रिक्त है, जिससे कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं लंबित हैं। उन्होंने कहा कि हजारों अभ्यर्थी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। वर्षों की मेहनत और तैयारी के बावजूद ये अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। उन्होंने कहा कि छात्रहित और रोजगार सृजन किसी भी सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। यह झारखंड का दुर्भाग्य है कि राज्य के छात्रों को ऐसी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह है कि वे छात्रहित में इन रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करें।

# रामगढ़ जिले के रेलवे स्टेशन और रेल लाइन को सुदृढ़ करने की उठाई गई मांग

**एजेंसी । रामगढ़**

धनबाद रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में रामगढ़ जिले के रेलवे स्टेशन और रेल लाइन को सुदृढ़ करने की मांग उठाई गई। मंगलवार को डीआरएम कार्यालय में आयोजित बैठक में हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान कहा गया कि पतरातु में टोकीसूद रेलवे लाइन के अंतर्गत (किरीगढ़ा) पहले से रेल लाइन है। गांव की दूसरी छोर से एक और रेलवे लाइन एनटीपीसी के लिए प्रस्तावित है। इससे किरीगढ़ा गांव रेलवे लाइन से चारो ओर से घिर जाएगा। इसलिए जहां पर पूर्व से रेलवे लाइन है,वहां पर्याप्त जमीन भी है। ग्रामीणों की सुविधा और रेलवे की जमीन भी अधिग्रहण नहीं करना पड़ेगा। वहीं पर रेलवे लाइन निर्माण कराया जाए। रांची रोड स्टेशन के समीप मरार में पोल संख्या 92/8 से 92/9 के बीच फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए। ग्राम सेवटा,बरकाकाना से गोमो जंक्शन रूट नंबर 32/ बी 1 टी के समीप ओवर ब्रिज बनाया जाए। आसनसोल से हटिया इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर -22350,22349) का बरही स्टेशन में स्टॉपेज दिया जाए। साथ ही इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाया जाए। गया मुंबई ट्रेन नंबर 22357,22358 सप्ताह में मात्र एक दिन चलता है। इसे सप्ताह में कम से कम दो दिन किया जाए और इसका स्टॉपेज बरही स्टेशन में दिया जाए। भोपाल- हावड़ा ट्रेन नंबर - 13025,13026 अहमदाबाद कोलकाता ट्रेन नंबर 19413,19414 का रांची रोड स्टेशन में स्टॉपेज दिया जाए। कोडरमा हजारीबाग बरकाकाना रेलवे लाइन को डबल लाइन किया जाए। बरकाकाना जंक्शन में वर्तमान में निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें लगभग 100 से ज्यादा दुकानदारों को हटाया जा रहा है। उन लोगो को इस परिसर में दुकान का निर्माण कर आवंटित किया जाए। हजारीबाग में ट्रेनों की साफ सफाई एवं अन्य कार्य के लिए कोचिंग डिपो का टेंडर हो गया है, इस कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। हजारीबाग से कोलकाता ,दिल्ली और वेल्लोर के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है। यहां से कोलकाता दिल्ली और वेल्लोर के लिए ट्रेन सेवा शुरू किया जाए। बगोदर सरिया विष्णुगढ़, टाटी झरिया, दारू और सदर प्रखंड का आबादी लगभग 5 लाख है। यहां की इतनी बड़ी आबादी के लिए नई रेलवे लाइन का निर्माण आवश्यक है।कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन नंबर 53371,53372,53373,53374 में तीन चार बोगी ही रहता है। इसमें बोगी की संख्या बढ़ाई जाए। बैठक में सांसद प्रतिनिधि ने रेलवे साइडिंग में चारकोल मिक्सिंग और प्रदूषण का मुद्दा भी उठाया। इस पर बेहतर कार्रवाई करने की अपील की। बैठक में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, जीएम रेलवे हाजीपुर जोन छत्रसाल सिंह,डीआरएम धनबाद कमल किशोर सिन्हा,एडीआरएम धनबाद,सीनियर डीसीएम,मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी निर्माण सहित रेलवे विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# 20 तक जिला स्तर पर मुख्यमंत्री पशुधन योजना का 80 फीसदी लक्ष्य हासिल करें अधिकारी : मंत्री

- **पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन योजना प्रगति रिपोर्ट से नाराज दिखी मंत्री**



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना की सुस्ती पर नाराजगी जाहिर की है। रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को 20 फरवरी तक लक्ष्य का 80 प्रतिशत पशु वितरण का निर्देश दिया है। ये आंकड़ा जिला स्तर पर हर हाल में हासिल करने को कहा गया है। पशुपालन विभाग के निदेशालय के साथ समीक्षा बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के जिलावार रिपोर्ट से विभागीय मंत्री असंतुष्ट दिखी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि समय पर लाभुकों का चयन और सूची तैयार नहीं होने से विभाग अपने तय लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रहा है। इसके लिए जरूरी है कि समय सीमा के अंदर योग्य लाभुक का चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए। मुख्यमंत्री पशुधन योजना में त्रुटियों को समय रहते दूर करने पर भी चर्चा की गई है। इसके लिए राज्यादेश में सुधार किया जाएगा, ताकि लाभुकों को पशुधन योजना का लाभ देने में कोई अड़चन पैदा न हो। इसके साथ ही पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित फार्म्स के अगले 5 साल के विजन डॉक्यूमेंट्स को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के समक्ष रखा गया।

## सुविचार

**समय अच्छा हो तो आपकी गलती भी मजाक लगती है, समय खराब हो तो मजाक भी गलती बन जाती है।**

# जड़ों से जुड़ाव

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोओ सुबिअंतो ने अपने डीएनए और संस्कृत भाषा के बारे में जो टिप्पणी की, वह ऐसा खुला सच है, जिसे स्वीकार करने से कई लोग हिचकते हैं। सुबिअंतो ने भारत के साथ अपने संबंधों को जिस तरह बयान किया, वह प्रशंसनीय है। अगर इस हकीकत को हमारे पड़ोस में कुछ देश स्वीकार कर लें तो कई झगड़े ही मिट जाएं। सुबिअंतो के शब्दों में- 'कुछ हफ़्ते पहले मैंने जेनेटिक सिक्वेंसिंग टेस्ट और डीएनए टेस्ट कराया था। उन्होंने मुझे बताया कि मेरा भारतीय डीएनए है। हर कोई जानता है कि मैं जब भी भारतीय संगीत सुनता हूं तो थिरकना शुरू कर देता हूं। यह ज़रूर उसी वजह से होगा।' यह सच है कि भारत और इंडोनेशिया के संबंध सदियों पुराने हैं। वहां किसी कालखंड में लोगों ने अपनी आस्था बदली, पूजन पद्धति बदली, लेकिन अपनी जड़ों को नहीं भूले। इंडोनेशिया में हर साल रामलीला का धूमधाम से आयोजन किया जाता है। वहां लोगों से लेकर सार्वजनिक स्थानों और महत्त्वपूर्ण संस्थानों के नामों में संस्कृत की झलक मिलती है। वहां 87 प्रतिशत से ज्यादा आबादी इस्लाम धर्म का पालन करती है और हिंदुओं की आबादी लगभग 1.7 प्रतिशत है। उनकी मुद्रा पर गरुड़, गणेशजी, परंपरागत पहनावे और प्राचीन मंदिरों के चित्र देखे जा सकते हैं। 'गरुड़ा इंडोनेशिया' उसकी एयरलाइंस में विशेष स्थान रखती है। इंडोनेशिया की अंतरराष्ट्रीय छवि भी बहुत अच्छी है। इस देश के नेताओं की दूरदर्शिता सराहनीय है, जिन्होंने अपनी आस्था का पालन जरूर किया, लेकिन अपने पूर्वजों और उनसे जुड़ी पहचान को नकारने में ऊर्जा नहीं लगाई। अन्यथा उनकी हालत भी पाकिस्तान जैसी होती।

प्राबोओ सुबिअंतो की टिप्पणी से सहज ही समझा जा सकता है कि जो लोग अपनी वंशानुगत पहचान और भाषा संबंधी मामलों में उदार होते हैं, उनके लिए दूसरों के साथ घुलना-मिलना और प्रगति करना ज्यादा आसान होता है। उन्हें सबमें अपने मित्र नजर आते हैं। आज कट्टरपंथ पूरी दुनिया के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया है। पूरा यूरोप पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, इराक, सीरिया जैसे देशों से आए कट्टरपंथियों से त्रस्त है। इन देशों में भारी अशांति है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में कट्टरपंथ भारत के लिए भी खतरा है। अगर इन देशों का इतिहास पढ़ें तो पता चलता है कि कभी उन इलाकों में बहुत शांति होती थी। अफगानिस्तान में बड़े-बड़े ध्यान केंद्र थे, जहां दूर-दूर से लोग आते और ध्यान का अभ्यास करते थे। वहां खुदाई में प्राचीन बौद्ध मंदिरों और प्रतिमाओं के अवशेष निकलते हैं। ऐसे कई स्थानों को आतंकवादियों ने बम से ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान और बांग्लादेश (तब पूर्वी पाकिस्तान) सात दशक पहले भारत के अभिन्न अंग थे। ये दोनों ही इलाके बहुत समृद्ध थे। यहां विभिन्न कलाएं विकसित हुईं। इनके कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों की विदेशों में बड़ी धाक थी। आज हालात बिल्कुल उलट हैं। इन दोनों देशों में हाहाकार मचा हुआ है। दंगा-फसाद, बम धमाके, आगजनी जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। महंगाई आसमान छू रही है और जनता पेट भरने के लिए खासी मशक्कत कर रही है। पाकिस्तान में कट्टरपंथ और आतंकवाद की जो फसल आज 'लहलहा' रही है, उसमें सबसे बड़ा किरदार जनरल ज़िया-उल हक़ का है। किसने सोचा था कि भारत से नफरत करते-करते पाकिस्तान इतनी दूर चला जाएगा कि उसके लोग भ्रमित होकर एक-दूसरे को ही तबाह करने को आमादा हो जाएंगे! बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस को इससे सबक लेना चाहिए, जो इन दिनों अपनी सांस्कृतिक पहचान की उपेक्षा करते हुए पाकिस्तान के साथ कुछ ज्यादा ही नजदीकियां बढ़ा रहे हैं। जो कट्टरपंथ के वशीभूत होकर अपनी असल पहचान भूल जाता है, वह किसी मंजिल तक नहीं पहुंच पाता, बल्कि मंझधार में गोते खाता रहता है।

## ट्वीटर टॉक



राजकीय आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में देवतुल्य जनता से आत्मीय भेंट हुआ। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए।

**-मदन दिलावर**



कुछ दिन पहले एक ट्रक ड्राइवर के वीडियो में 'मंत्री को बोरे भरकर रुपए भेजने' की बात कही गई थी। भाजपा सरकार में राजस्व बढ़ाने के नाम पर जगह-जगह 'अवैध वसूली' के चेक पोस्ट खुले हैं। मुख्यमंत्री की नाक के नीचे खुलेआम लूट मची है।

**-गोविंदसिंह डोटासरा**



आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में 'पंजाब केसरी' श्री लाला लाजपत राय जी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। लाला जी आजीवन मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध रहे, और राष्ट्र के लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया था।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

उदारता व महानता

समर्थ गुरु रामदास एक दिन भिक्षा मांगते हुए एक मकान के सामने पहुंचे। उन्होंने आवाज लगाई, 'मां, भिक्षा के रूप में एक रोटी चाहिए, जय-जय, रघुवीर!' गृहिणी भोजन बनाने के लिए रसोई में सफाई कर रही थी। वह प्राय: साधु-महात्माओं को देखते ही चिढ़ जाती थी। उस दिन क्रोध में भरकर वह बाहर आई तथा चूल्हा लीपने का मिट्टी में सना कपड़ा स्वामी जी के शरीर पर फेंक कर बोली, 'यह ले भिक्षा।' वह बड़बड़ाने लगी, 'काम कुछ करते नहीं, मुफ्त का भोजन मांगने आ जाते हैं।' समर्थ तनिक भी विचलित नहीं हुए तथा हंसते हुए बोले, 'बेटी, तेरा सुहाग यशस्वी हो। तेरा यह कपड़ा बड़ा काम आएगा।' समर्थ ने उस कपड़े को धोया, सुखाया। उस कपड़े को टुकड़े-टुकड़े कर बत्तियां बनाईं। उन बत्तियों से दीपक जलाया, आरती की। आरती के बाद दीपकों को गली में रख दिया, ताकि आने-जाने वालों को रास्ता दिखाई दे। गृहिणी पर संत के व्यवहार का असर पड़ा। वह क्षमा मांगने मठ में पहुंची। स्वामी जी ने मुस्कुराकर उसका स्वागत करते हुए कहा, 'बेटी, तेरे द्वारा भिक्षा में दिया कपड़ा जहां भगवान की आरती के दीये की बत्ती बना, वहीं गली के अंधकार को भी दूर कर रहा है।' गृहिणी समर्थ स्वामी की उदारता व महानता के समक्ष नतमस्तक थी।

## सामयिक



**गांधीजी द्वारा प्रतिपादित शिक्षा के सिद्धान्त, उद्देश्य, पाठ्यक्रम, शिक्षण विधि आज भी बच्चे, समाज एवं विद्यालय के लिए उतने हीं प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। उनकी महत्वपूर्ण कृति बुनियादी शिक्षा बच्चों को चाहे वे नगरों के हों या ग्रामों के, वे जीवनोपयोगी, समस्त सर्वोत्तम एवं स्थायी बातों से संबंध रखती हैं तथा उन्हें स्वावलम्बी बनाने में मददगार सिद्ध हुई है। उनकी शिक्षा केवल मानसिक विकास की ओर ध्यान नहीं देती बल्कि शारीरिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए भी उपयोगी हैं।**

# गांधीजी का शिक्षादर्शन

**ई. प्रभात किशोर**

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सेनानियों ने भारतवर्ष में स्वराज की कल्पना की थी। स्वराज से उनका तात्पर्य भारतवर्ष से अंग्रेजों को बाहर कर भारतीयों को लाना भर नहीं था, बल्कि ब्रिटीश राज में थोपे गए मूल्यों एवं जीवन शैली को सरल, आध्यात्मिक एवं सामुदायिक जीवन शैली में बदलते हुए सम्पूर्ण ग्रामीण गणतंत्र की स्थापना करना था। एक सभ्य एवं स्वतंत्र भारत की अपनी दृष्टि एवं मूल्यों के चलते गांधी जी को शिक्षा के बारे में दृढ़ विचार थे और विकल्प के रूप में उन्होंने बुनियादी शिक्षा की नींव डाली। सम्पूर्ण शिक्षा का संबंध आधारभूत शिल्प से होता है। गांधीजी ने बुनियादी शिक्षा के पाठ्यक्रम के अंतर्गत जिन आधारभूत शिल्पों को रखा, उनमें कृषि, कताई-बुनाई, मिट्टी, चमड़े, लकड़ी का काम, फल एवं बागवानी, पुस्तक कला, मछलीपालन, बालिकाओं के लिए गृहविज्ञान तथा स्थानीय एवं भौगोलिक आवश्यकताओं के अनुकूल शिक्षाप्रद हस्तशिल्प प्रमुख हैं। इसके अलावा मातृभाषा, गणित, सामाजिक अध्ययन, सामान्य विज्ञान, कला, हिन्दी, शारीरिक शिक्षा आदि भी समाहित किए गए।

गांधीजी के अनुसार शिक्षण विधि व्यवहारिक होनी चाहिए। उन्होंने बुनियादी शिक्षा में समवाय पद्धति का उपयोग किया जिसके अंतर्गत बच्चों को समस्त विषयों की शिक्षा किसी कार्य या आधारभूत शिल्प के माध्यम से कार्य करके, अनुभव द्वारा एवं क्रिया के माध्यम से सीखने पर बल दिया। गांधीजी की शिक्षा योजना में दैनिक पाठ्यक्रम के संदर्भ में स्वायत्तता का जो अधिकार एक शिक्षक को दिया गया वह टॉल्सटाय के लिबर्टेरियन सिद्धांतों से बहुत समानता रखता था। गांधी भारतीय शिक्षकों को बाहरी हस्तक्षेप से मुक्त रखना चाहते थे, खासतौर से सरकार और राजकीय नौकरशाही से। औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत शिक्षक के पास एक निश्चित काम था जो इस बात पर आधारित था कि शासन बच्चों को क्या सिखाना चाहता है। पाठ्यपुस्तकें अनिवार्य थीं इसलिए गांधी ने पाया कि शिक्षक के जीवित शब्द बच्चों के लिए खास मायने नहीं रखते।

एक शिक्षक जो पाठ्यपुस्तक को पढ़ाता है वह बच्चों को मौलिक ज्ञान नहीं दे पाता है। गांधीजी की योजना पुस्तकों और पाठ्यक्रम के समक्ष शिक्षक की कमजोर स्थिति को समाप्त करना चाहती थी। यह सीखने की ऐसी अवधारणा को प्रस्तुत करती थी जो केवल पाठ्यपुस्तकों की मदद से हीं लागू नहीं की जा सकती थी। पाठ्यक्रम के मामले में शिक्षक की स्वतंत्रता, अगर ज्यादा नहीं तो बराबर महत्व रखती थी। उसमें राज्य को यह तय करने का अधिकार नहीं था कि शिक्षक कक्षा में क्या पढ़ाये और क्या करे। इसमे शिक्षक को अधिकार थे, मगर मूलतः यह स्कूली शिक्षा के प्रति एक लिबर्टेरियन नजरिया था जिसमें शक्ति राज्य से गांवों को सौंपी गयी थी।

सर्वप्रथम गांधीजी ने भारतीय जीवन एवं संस्कृति को दृष्टिपथ में रखते हुए वातावरण के अनुसार ऐसी शिक्षा योजना प्रस्तुत की जिसे कार्यरूप में परिणत करने पर भारतीय जनमानस में नया जीवन लाया जा सकता है। उनके शिक्षा दर्शन में तीनों विचारधाराओं - आदर्शवाद, प्रयोजनवाद एवं प्रकृतिवाद में कोई विशेष अंतर नहीं था। वे आदर्शवादी थे क्योंकि वे इस मानवजीवन के अंतिम लक्ष्य सत्य को प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। वे प्रयोजनवादी थे क्योंकि वे बच्चों की अभिरूचि के अनुसार क्रिया करके सीखने पर बल देते हैं। वे प्रकृतिवादी थे क्योंकि वे बच्चों को उनकी प्रकृति के अनुरूप विकसित करना चाहते थे। गांधीजी द्वारा प्रतिपादित शिक्षा के सिद्धान्त के अनुरूप हीं 1 अप्रैल 2010 को पूरे भारतवर्ष में बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा कानून लागू किया जा चुका है जिसके अनुसार 6 से 14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की जबावदेही हो गयी है। कानून में एक विद्यालय हेतु निर्धारित न्यूनतम मानकों एवं मानदंडों में कक्षा-6 से 8 के बच्चों हेतु तीन विषयों क्रमशः कार्य शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा तथा कला शिक्षा की व्यवस्था तथा उनके लिए अनुदेशक का प्रावधान किया गया है।

शिक्षा के दोषपूर्ण ढांचे के कारण आज युवाओं के हाथों में बड़ी-बड़ी डिग्रियां तो हैं, पर रोजगार नहीं है। गांधीजी ने इस समस्या से बहुत पहले सावधान कर दिया था और बुनियादी शिक्षा के अंतर्गत उद्योगों पर आधारित औद्योगिक शिक्षा पर बल दिया ताकि बच्चे किसी हस्तशिल्प को सीखकर अपने जीवन में आत्मनिर्भर बन सकें और बेरोजगारी से मुक्ति पा सकें। वर्तमान में कॉलेज एवं विश्वविद्यालय स्तर पर व्यवहारिक एवं व्यवसायिक शिक्षा के उद्देश्य से फाउन्डेशन कोर्स का बड़ी तेजी से विस्तार हो रहा है तथा इस ओर छात्रों का रूझान बढ़ता जा रहा है। खुला विश्वविद्यालय एवं मुक्त शिक्षण संस्थानों की स्थापना के उपरान्त मनोनुकूल अवधि वाले व्यवसायिक एवं कौशलवर्द्धन शिक्षण-प्रशिक्षण की मांग जोर पकड़ते जा रही है।

गांधीजी बच्चों में मानवीय गुणों के विकास पर बल देते थे जिसकी आज कहीं अधिक प्रासंगिकता है। आज देश के विभिन्न भागों में कट्टरता, क्षेत्रीयता, विनाश एवं तबाही का विष फैल रहा है वह नागरिकों में मानवता की कमी के कारण बढ़ती जा रही है। उन्होंने करके या क्रिया द्वारा सीखने की पद्धति पर बल दिया क्योंकि क्रिया या स्वयं करके सीखने पर अर्जित ज्ञान स्थायी होता है जो हर क्षेत्र के लिए आवश्यक है। उन्होंने शारीरिक श्रम को महत्व दिया। मनुष्य को किसी पर निर्भर नहीं रहते हुए अपना कार्य स्वयं करना चाहिए। इससे भेदभाव भी मिटता है, जो आज के परिपेक्ष्य में भी आवश्यक है। जो लोग काम का आदर करेंगे वहीं उत्पादक कार्य से जुड़ सकते हैं।

गांधीजी ने आर्थिक, नैतिक, सांस्कृतिक शिक्षा के उद्देश्य से सर्वोदय समाज की स्थापना पर बल दिया जिसके अंतर्गत श्रम का महत्व होगा धन का नहीं, स्नेह एवं सहयोग की भावनाएं होंगी घृणा एवं पृथकता की नहीं, शोषण के स्थान पर परहित की सोच होगी तथा संचय की प्रवृति के स्थान पर त्याग की भावना होगी। वर्तमान में भ्रष्टाचार, शोषण, घृणा, स्वार्थसिद्धी जैसी कुधारणा के कारण समाज में मारकाट, विनाश तथा मानवता का हनन हो रहा है। अतएव गांधीजी के सर्वोदय समाज की स्थापना आज और अधिक प्रासंगिक प्रतीत हो रही है।

गांधीजी द्वारा प्रतिपादित शिक्षा के सिद्धान्त, उद्देश्य, पाठ्यक्रम, शिक्षण विधि आज भी बच्चे, समाज एवं विद्यालय के लिए उतने हीं प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। उनकी महत्वपूर्ण कृति बुनियादी शिक्षा बच्चों को चाहे वे नगरों के हों या ग्रामों के, वे जीवनोपयोगी, समस्त सर्वोत्तम एवं स्थायी बातों से संबंध रखती हैं तथा उन्हें स्वावलम्बी बनाने में मददगार सिद्ध हुई है। उनकी शिक्षा केवल मानसिक विकास की ओर ध्यान नहीं देती बल्कि शारीरिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए भी उपयोगी हैं। आज वैश्वीकरण के दौर में हुए परिवर्तनों के अनुरूप गांधीजी के शिक्षादर्शन को परिष्कृत करते हुए देश में पुनः स्थापित करके हीं वास्तविक स्वराज की कल्पना की जा सकती है।

## नजरिया

# लिव-इन रिलेशनशिप को सामाजिक स्वीकृति नहीं

**बाल मुकुन्द ओझा**

लिव-इन रिलेशन जायज है या नाजायज इस पर लंबे समय से बहस चल रही है। मीडिया में आये दिन छप रही ख़बरों के बीच उत्तराखंड में सामान नागरिक संहिता यानि यूसीसी लागू कर दिया गया है। यूसीसी के लागू होते ही उत्तराखंड में अब से लिव-इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। नए कानून में अनिवार्य किया गया है कि सभी लिव-इन रिलेशनशिप को अधिकारियों के पास पंजीकृत होना चाहिए। 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए माता-पिता की सहमति आवश्यक होगी। कानून के जानकारों का दावा है कि ऐसे रिश्तों के पंजीकरण से पुरुषों और महिलाओं दोनों को फायदा होगा। इसके तहत प्रावधान है कि इस दौरान पैदा होने वाले बच्चे को भी शादीशुदा जोड़े के बच्चे की तरह अधिकार मिलेगा। हालांकि यूसीसी के नियम-कानून से अनुसूचित जनजाति को बाहर रखा गया है। लिव इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अनिवार्य पंजीकरण एक रजिस्टर्ड वेब पोर्टल पर कराना होगा। लिव इन में आने के एक माह के भीतर अगर पंजीकरण नहीं कराया तो न्यायिक मजिस्ट्रेट के दोषी ठहराए जाने पर तीन माह का कारावास व 10 हजार का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

लिव इन रिलेशन को लेकर मीडिया में तरह तरह की खबरे छपती रहती है। कई प्रकरणों में तो न्यायालय ने भी अपनी राय व्यक्त की है। कई साल लिव इन में रहने के बाद कोर्ट का दरवाज़ा भी खटखटाया जा रहा है। कहीं लड़की द्वारा लड़के पर रेप के आरोप भी लगाए जा रहे है। एक मामले में तो कोर्ट ने लिव इन में रहने वाली एक लड़की द्वारा दर्ज़ रेप के आरोपों को ख़ारिज कर दिया और कहा कई साल साथ रहने के बाद इस प्रकार के आरोपों में कोई दम नहीं है। लिव इन



**पाश्चात्य कल्चर को फॉलो करते हुए भारत में भी लिव-इन रिलेशनशिप आम हो गया है महानगरों में कई लोग शादी से पहले लिव-इन में रहते हैं। बड़े शहरों में लिव इन रिलेशन का कॉन्सेप्ट युवाओं को बहुत भा रहा है, मगर ऐसे रिश्तों का अंत सुखद ही हो जरूरी नहीं है। पाश्चात्य देशों की नकल पर बना एक विवादास्पद लेकिन आधुनिक लाइफ जीने के लिए यह एक अनूठा और दिलचस्प रिश्ता है जिसमें शादी की पुरानी मान्यता को दरकिनार करते हुए जोड़े साथ रहते है।**

में रहते हुए विवाद होने पर कई दफा बलात्कार जैसे गंभीर आरोप भी लगा दिए जाते हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर चिंता व्यक्त की है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों को सामाजिक स्वीकृति नहीं है, लेकिन आज के युवा तेजी से इनकी ओर आकर्षित हो रहे हैं।

लिव इन रिलेशनशिप का मतलब है जहां एक लड़का और लड़की बिना शादी के एक-दूसरे के साथ एक ही घर में रहते हैं। दोनों बिना शादी के किसी पति-पत्नी के तरह ही रहते हों। इस मुद्दे को लेकर पिछले कुछ सालों से देश में बहस भी छिड़ी हुई है।

कुछ लोग इसे जायज कहते हैं, तो कुछ इसे नाजायज। लिव-इन रिलेशनशिप का चलन भले ही शुरू हो चुका है। लेकिन भारत जैसे देश में लिव-इन रिलेशनशिप को अभी अच्छी नजर से नहीं देखा जाता हैं। हम खुद को कितना ही आधुनिक समझे मगर आज भी हमारे देश में लिव-इन रिलेशनशिप को बुरी नजर से देखा जाता हैं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के अनुसार, दो बालिग लड़का व लड़की शादी किए बगैर भी अपनी मर्जी से पारिवारिक-वैवाहिक जीवन जी सकते हैं। लिव इन रिश्ते की कानूनी मान्यता के अनुसार दोनों पार्टनर के बीच यौन संबंध की पूरी आजादी है। अगर रिश्ते में रहने के दौरान बच्चा पैदा होता है, तो रिश्ते को लिव इन माना जाएगा। यौन संबंध बनाने और बच्चे पैदा करना दोनों की इच्छा पर निर्भर करता है। लिव इन विवादों से भरा एक अनूठा रिश्ता है जिसमे शादी की पुरानी मान्यता को दरकिनार करते हुए जोड़े साथ रहते है और ठीक उसी तरह से अपनी जिम्मेदारी एक दूसरे के लिए निभाते है।

पाश्चात्य कल्चर को फॉलो करते हुए भारत में भी लिव-इन रिलेशनशिप आम हो गया है महानगरों में कई लोग शादी से पहले लिव-इन में रहते हैं। बड़े शहरों में लिव इन रिलेशन का कॉन्सेप्ट युवाओं को बहुत भा रहा है, मगर ऐसे रिश्तों का अंत सुखद ही हो जरूरी नहीं है। पाश्चात्य देशों की नकल पर बना एक विवादास्पद लेकिन आधुनिक लाइफ जीने के लिए यह एक अनूठा और दिलचस्प रिश्ता है जिसमें शादी की पुरानी मान्यता को दरकिनार करते हुए जोड़े साथ रहते है।

लिव-इन रिलेशनशिप की शुरूआत महानगरों के शिक्षित और आर्थिक तौर पर स्वतंत्र ऐसे लोगों ने की थी जो विवाह संस्था की जकड़ से छुटकारा चाहते थे और उसी तरह से अपनी जिम्मेदारी एक दूसरे के लिए निभाते है जैसे वो शादी करने के बाद करते। इन संबंधों में खास बात यह है की वे किसी नैतिक दवाब का सामना नहीं करते। ऐसे लोग जब चाहे तभी एक दुसरे से अलग हो सकते है। लिविंग रिलेशन में रह रहे लड़के-लड़कियां अपने मां-बाप या घरवालों से अपने रिश्ते को छुपाकर रखते हैं। जब रिश्ता बिगाड़ की श्रेणी में आ जाता है तब इसका भांडा फूटता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लूट और छिनतई मामले मामले में पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल



**देवघर।** मधुपुर पुलिस ने लूट व छिनतई मामले में तीन युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया बता दे की पिछले 8 जनवरी को अपनी पत्नी की दवा लाने जा रहे है एक युवक से बदमाशों ने मधुपुर थाना क्षेत्र के बैकुंठधाम के पास मारपीट कर 20 हजार नगदी और मोबाइल छीन लिया था । घटना को लेकर पीड़ित युवक के पिता गिरिडीह जिले के गांडेय थाना अंतर्गत प्रतापपुर फुलजोरी निवासी मकबूल अंसारी ने मधुपुर थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। इसी मामले में पुलिस ने पसिया निवासी राहुल शेख, बारा मौजा निवासी गुलजार शेख और मदिना निवासी मोहम्मद राज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### केसरवानी महिला सभा के सहयोग से चांदडीह स्थित अनाथ एवं वृद्धाश्रम में एक कार्यक्रम किया



**देवघर।** बैद्यनाथधाम केसरवानी तरुण सभा के तत्वाधान में तथा केसरवानी महिला सभा के सहयोग से चांदडीह स्थित अनाथ एवं वृद्धाश्रम में एक कार्यक्रम किया गया।इस कार्यक्रम में आश्रम में रहने वालों के बीच कंबल,वस्त्र,बर्तन कॉपी पेंसिल इत्यादि का वितरण किया गया तथा साथ ही उन लोगों के बीच नाश्ता एवं दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई थी।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बैद्यनाथ धाम केसरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष सोनू कुमार केसरी,महामंत्री प्रशांत केसरी,राहुल केसरी,गौरव केसरी, मणि केसरी,गोलू,प्रितम,अमन,पिंटू ,शुभम गुलशन केसरी,रवि केसरी, नीरज केसरी,चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि केसरी, केसरवानी महिला सभा से अध्यक्ष नीतू केसरी, श्वेता केसरी, नेहा केसरी,सोनी केसरी, रूपा केसरी,संजय केसरी विक्रम केसरी, अजीत केसरी के साथ समाज के कई लोग एवं सैकड़ो युवा उपस्थित थे ।

### राजभवन बना आकर्षण का केंद्र





**दुमका।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर (ऊर्जा विभाग )विद्युत कार्य प्रमंडल धनबाद द्वारा दुमका स्थित राजभवन, पुलिस लाइन, आयुक्त कार्यालय, उपायुक्त कार्यालय, परिसदन भवन, टावर चौक एवं दुमका स्थित सभी चौक चौराहों को तिरंगा रंग विद्युत सजावट का कार्य किया गया हैं ।जो दर्शकों को अपनी और आकर्षित कर रहे हैं और खास करके राजभवन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जहां काफी संख्या में लोग सेल्फी लेने आ रहे हैं।

### प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी ने लिया अंचलाधिकारी रानीश्वर का पदभार

**दुमका।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी अभिनव प्रकाश ने रानीश्वर अंचलाधिकारी का पदभार ग्रहण किया। अंचलाधिकारी शादा नुसरत ने उन्हें पदभार दिया। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद अभिनव प्रकाश ने रानीश्वर -मसलिया मेगा लिफ्ट इरिगेशन कार्य के जमीन अधिग्रहण एवं किसानों को मुआवजा राशि वितरण कार्य की प्रगति को लेकर अंचल निरीक्षक से जानकारी ली। साथ ही जमीन के म्यूटेशन कार्य की प्रगति का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि बालू के उठाव एवं खनन राजस्व की वसूली पर बल दिया जायेगा। अभिनव प्रकाश यहां तीन सप्ताह सीओ के प्रभार में रहेंगे। मंगलवार को अभिनव प्रकाश को निवर्तमान सीओ शादां नुसरत को कार्य में सहयोग करते देखा गया। उन्होंने सोमवार को अंचल अधिकारी का प्रभार लिया हैं। वर्तमान अंचल अधिकारी शादां नुसरत ने श्री प्रकाश को प्रभार दिया हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में पीसी-पीएनडीटी एक्ट- 1994 से संबंधित जिला सलाहकार समिति की बैठक का किया गया आयोजन........

## जिला सलाहकार समिति द्वारा लिंग परीक्षण से संबंधित समेकित जांच रिपोर्ट जिला कार्यालय को कराए उपलब्ध- उपायुक्त....

संवाददाता।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में पीसी-पीएनडीटी एक्ट-1994 से संबंधित जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट के माध्यम से शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। बैठक में उपायुक्त द्वारा जानकारी दिया गया कि वर्तमान में देवघर जिला में कुल 38 अल्ट्रासाउंड केंद्र हैं। सभी निबंधित अल्ट्रासाउंड केंद्रों में जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा औचक निरीक्षण कर जांच किया जा रहा है कि इस संस्थानों में भ्रूण हत्या, जन्म पूर्व लिंग परीक्षण और अन्य किसी भी माधयम से बेटियों की हत्या आदि का कार्य तो नकहि किह जा रहा है। अगर उपरोक्त मामलों में कोई भी संस्थान संलिप्त पाए जाते हैं तो उक्त संस्थान के लाइसेंस को रद्द करते हुए जिला स्तर से विधिसम्मत कार्यवाई की जाएगी।






● **क्या है पीसी-पीएनडीटी एक्ट....**

गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (PCPNDT) अधिनियम, 1994 भारत में कन्या भुण्र हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक (पीसी-पीएनडीटी एक्ट- 1994) के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है। ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुर्माने की सजा का प्रावधान है।

● **अल्ट्रासाउंड केंद्रों द्वारा ऑनलाइन फॉर्म-F संधारण का हो विधिवत जांचः- उपायुक्त देवघर......**

उपायुक्त सह जिलादण्डाधिकारी द्वारा पीसी-पीएनडीटी एक्ट 1994 से संबंधित सलाहकार समिति की बैठक के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि वैसे अल्ट्रासाउंड केंद्र जिनके द्वारा पीसी-पीएनडीटी वेबसाइट गरिमा झारखंड पर 10 से कम गर्भवती महिलाओं का ऑनलाइन फॉर्म-एफ का संधारण किया गया हो का समिति के अधिकारियों द्वारा जांच कराते हूए विस्तृत प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय ताकि सबंधित विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जा सके। आगे उन्होंने कहा कि जिले दिनांक-24.01.2025 से दिनांक-31.01.2025 तक save the girl child सफ्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के स्कूल, कॉलेज में पीसी-पीएनडीटी एक्ट की विस्तृत जानकारी के साथ साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संबंध में जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा समिति सभी सदस्यों को निदेशित करते हुए कहा कि सभी एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करते हुए save the girl child campaign का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाय ताकि अधिक से अधिक लोगो को जागरूक किया जा सके।

## 2 फरवरी को दुमका में आयोजित होने वाली पार्टी की स्थापना दिवस तैयारी को लेकर की मंत्री ने की बैठक

संवाददाता।

मधुपुर शहर के पत्थरचपटी स्थित एक निजी परिसर में मंत्री हफीजुल हसन की अध्यक्षता में झामुमो विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक की गई बैठक में आगामी 2 फरवरी को दुमका में आयोजित होने वाली पार्टी की स्थापना दिवस मानने एवं उनकी तैयारी को लेकर चर्चा की गई वहीं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल हुए। मौके पर मंत्री ने कहा कि किसी भी पार्टी द्वारा इतने वर्षों तक पार्टी की स्थापना दिवस नहीं मनाया गया है आगे उन्होंने कहा की पार्टी की स्थापना दिवस मनाने का रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा पार्टी का यह 46 वां स्थापना दिवस है इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस बार मधुपुर से 5000 से अधिक कार्यकर्ता दुमका के लिए रवाना होंगे स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा मौके पर पूर्व जिला सचिव दिनेश्वर किस्कू,पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य प्रहलाद दास, पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अबू तालिब अंसारी, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष तेज नारायण वर्मा, पूर्व जिला एससी, ओबीसी मोर्चा गोपाल दास, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रकाश मंडल, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कंगलु मरांडी, सोहन मुर्मू, जुलेश मरांडी,साकिर अंसारी, बिपिन यादव, अल्ताफ हुसैन, मुर्शिद अंसारी, मरियम टुडू, शबाना परवीन रजनी मुर्मू, सोनी खान सहित सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे






## पाकुड़िया के मुख्य मार्ग खक्सा के पास अज्ञात बदमाशों ने लुट -पाट और मार पीट करने का मामला सामने आया और



**पाकुड़।** पाकुड़िया थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पाकुड़िया से गणपुरा जानेवाली पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क पर खक्सा गांव के पास एक सशस्त्र लूट की वारदात सामने आई। जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट थाना क्षेत्र के पाइकपाड़ा नारायणपुर निवासी मुकेश भगत और उनके भाई दीपक भगत महेशपुर में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर जा रहे थे। करीब रात 2 से 3 बजे के बीच खक्सा स्कूल के पास सुनसान जगह पर अज्ञात बदमाशों ने सड़क पर एक जामुन का लंबा पेड़ डालकर यातायात बाधित कर दिया। जैसे ही मुकेश भगत ने अपनी कार को वापस मोड़ने की कोशिश की तो, बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और लाठी, डंडे तथा धारदार हथियार से लैस होकर कार के गेट की शीशा तोड़ दिया।नकाबपोश बदमाशों ने बंगला भाषा में गाली-गलौज करते हुए दोनों भाईयों से सोने के गहने और तीन हजार रुपये लूट लिए। लूटी गई वस्तुओं में एक नेकलेस, एक चैन, तीन अंगूठियां और एक मांटिका शामिल हैं। लूट के बाद अपराधी खेत के रास्ते फरार हो गए।घटना के बाद मुकेश भगत ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पाकुड़िया पुलिस ने तत्काल कार्यवाही शुरू करते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह और एसडीपीओ विजय कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस घटना को लेकर थाना कांड संख्या 5/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है, और पुलिस की टीमें अपराधियों की तलाश में जुटी हुई हैं।पुलिस का कहना है कि अपराधियों की पहचान शीघ्र कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा और इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा के इंतजामों को और मजबूत किया जाएगा।

## झांकी निकाली गई उन कलाकार को तैयार करने वाले सभी का सम्मान मोमेंटो शाल और सर्टिफिकेट देकर किया गया

संवाददाता।

बैद्यनाथधाम केसरवानी वैशय सभा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन अध्यक्ष दीपक कुमार केसरी की अध्यक्षता में श्री केसरवानी आश्रम में किया गया महर्षि कशयप मुनि जी की शोभा यात्रा कार्यक्रम में जो अदभुत झांकी निकाली गई थी उन कलाकार को तैयार करने वाले सभी का सम्मान मोमेंटो शाल और सर्टिफिकेट देकर किया गया झांकी में भगवान का रूप धारण किए हुए सभी कलाकारों को भी मंच पर शाल मोमेंटो सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नोएडा के अध्यक्ष सुजीत केशरी जी द्वारा सम्मान कराया गया केशरवानी तरुण सभा अध्यक्ष सोनू केसरी महामंत्री प्रशांत केशरी और पूरी टीम और महिला सभा की अध्यक्षा नीतू केशरी महामंत्री सोनी केशरी कोषाध्यक श्वेता केशरी और महिला सभा की पूरी टीम का भी सम्मान शाल माला मोमेंटो सर्टिफिकेट देकर किया गया । तरुण सभा महिला सभा का शोभा यात्रा और शरद मेला में अहम योगदान रहा इसके लिए बैद्यनाथधाम केशरवानी वैशय सभा ने बहुत बहुत बधाई दी वैशय सभा के सभी सदस्यों की अहम योगदान के लिए भी अध्यक्ष दीपक कुमार केसरी ने सभी को बहुत बहुत बधाई दिया मंच का संचालन महामंत्री रितेश केशरी और उपाध्यक्ष अजीत केशरी ने किया वैशय सभा के अरुण केशरी रितेश केशरी अजीत केशरी मनीष केशरी संजय केसरी अनिल केशरी विक्रम केसरी विनीत केसरी मोनू केशरी मुकेश केशरी राजकुमार केशरी अमित केशरी रूपेश केशरी सोनू केशरी प्रशांत केशरी राहुल केशरी अमन केशरी नीरज प्रकाश रवि केशरी नीतू केशरी सोनी केशरी श्वेता केशरी नेहा केशरी आकांक्षा केशरी ज्योति केशरी आशा देवी शीतल केशरी गौरव केशरी ।





## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना

**पाकुड़।** फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का,अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल डॉक्टर मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जाएगा। यह जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीमारी के बारे में कहा कि 1 वर्ष से कम आयु वाले शिशु, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं को मलेरिया रोधी दवा नहीं खिलाया जाएगा।

## सीओ ने राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर राजस्व कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की

संवाददाता।

**मधुपुर।** सीओ यामुन रविदास ने अंचल कार्यालय कक्ष में मंगलवार को राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर राजस्व कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया । मौके पर राजस्व संबंधित कार्यों को अभिलंब निष्पादन करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा सभी मूल रैयत प्रधान राजस्व को वसूली कर जमा करेंगे । साथ ही सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की रिपोर्ट दे । ताकि अतिक्रमण को हटाया जा सके। मौके पर सीओ यामुन रविदास ने बैठक में सभी राजस्व कर्मचारियों को खारिज दाखिल से लंबित कार्यों को अभिलंब शार्ट आउट करने के साथ राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया गया हैं । साथ ही उच्च अधिकारियों के द्वारा आने वाले पत्र का अभिलंब जवाब तैयार कर भेजने का निर्देश राजस्व कर्मचारियों को दिया गया। उन्होंने राजस्व वसुली में मूल रैयत,प्रधान को अपनी जिम्मेदारी को निभाने को कहा।कहा कि उच्च अधिकारी भी प्रधान मूल रैयत को हमेशा सहयोग करते हैं । इसीलिए आपकी जिम्मेदारी है के जमीन संबंधित कार्यों में ईमानदारी के साथ राजस्व वसूली में तेजी लाएं । मौके पर अंचल निरीक्षक निरंजन रजक अंचल उप निरीक्षक अग्नेश टुडू, सुरेंद्र कुमार वर्मा अंचल अमीन, नाजिर अभय सिंह, प्रधान सहायक मोहम्मद खुर्शीद आलम, कर्मचारी भोला मरिक,राजेंद्र कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार सिंह, दामोदर दास समेत अंचल कर्मी उपस्थित थे।



## शिविर में 322 सर्टिफिकेट केस पर 1 करोड़ 09 लाख 40 हजार 863 रुपए का निष्पादन

**पाकुड़ ।** ऋण समाधान योजना के तहत नीलाम पत्र वाद का मेगा शिविर का आयोजन उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार कक्ष में आयोजित की गई। इस मेगा शिविर में बैंक एवं नीलाम बकायेदार शामिल हुए। मौके पर उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, जिला निलाम पत्र पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार उपस्थित थे।

# मसलिया गांव में धूमधाम से मनाया गया माघ बोंगा

संवाददाता।

**दुमका।** मसलिया प्रखंड के मसलिया गांव में मंगलवार को धूमधाम से ''माघ बोंगा'' मनाया गया। यह पूजा माघ टंडी(पूजा स्थान) में सम्पन्न हुई। अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि यह पूजा माघ महीने में की जाती है। यह पूर्णिमा में मनाना अधिक शुभ होता है। माघ टंडी में जाहेर ऐरा, मोड़ेकु तुरुयकु,मारांग बुरु,गोसाई एरा आदि इष्ट देवताओ के नाम पर मुर्गा बलि दिया गया।संताल आदिवासियों में मान्यता है कि आज के दिन ही ग्रामीण लोग गांव को सामाजिक रूप से चलाने वाले मंझी, जोग मंझी, नायकी, प्राणिक, गुडित के घर का दाप(छावनी) करने के लिय सवड़ी सागाड़(बैल गाड़ी में सवड़ी घास लाने की प्रथा है,जो आजकल हाथ में घास लाते है) करते है।आज के ही दिन जोग मंझी, नायकी, प्राणिक, गुडित का साल भर का कार्यकाल खत्म होता है और पांच दिन बाद सभी ग्रामीण मिलकर जोग मंझी, नायकी, प्राणिक, गुडित आदि का सर्वसम्मति से चयन करते है। जो अगले माघ महीने तक(एक वर्ष) कार्य करते है आदिवासियों में भी यह भी मान्यता है कि मुनिस, गुतीकर्मी, चरवाहा ये सभी घर के काम में मदद करने वाले आज के ही दिन किसी के घर काम शुरू करते है और जो पुराने वाले है,काम छोड़ना चाहते है तो छोड़ते है।पूजा के बाद सभी ने प्रसाद स्वरूप खिचड़ी का भोग ग्रहण किया।अवसर पर नायकी बाबा चिलीम किस्कू, मांझी बाबा सुरेंद्र किस्कू, गुड़ित लुखिंद मुर्मू, कुड़ाम नायकी सुबोधन सोरेन के साथ साथ ग्रामीणों में राकेश सोरेन, पान धारी सोरेन, गोमोस्तो चौड़े रामदास किस्कू, रखिशल हेंब्रम, चांडाल किस्कू, डुडम चौड़े,परमेशल सोरेन, रामू किस्कू, पाने सोरेन, अनिल हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।



## बाल सभा में शिक्षा की गुणवत्ता, बाल विवाह पर रोक, बाल श्रम मुक्त पंचायत बनाने को लेकर दिया जोर

संवाददाता।

**मोहनपुर।** प्रखंड के नयाचितकाठ पंचायत में मंगलवार को बालसभा का आयोजन किया गया। पंचायत के मुखिया अनिल कुमार साह व पंचायत सचिव नेहा कुमारी के देख रेख में प्लस टू उच्च विद्यालय रिखिया में बाल सांसद के प्रधानमंत्री राजीव कुमार दास की अध्यक्षता में संपन्न बालसभा में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। मुखिया ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए बताया कि वित्तिय वर्ष 2025-26 के प्लान व वजट में बाल हितैषी पंचायत बनाने को लेकर योजनाओं का प्रस्ताव लिया गया। जिसमें बच्चों के स्कूल में नामांकन, दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा तक सम्मान पहुंच, स्कूल प्रबंधन समिति के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता, बाल विवाह पर रोक, बालश्रम मुक्त पंचायत, विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थित, शौचालय का उपयोग, स्वच्छ पेयजल सहित कई महत्वपूर्ण योजनाएं पारित किया गया।

शिक्षा से संबंधित कई विषयों पर भी विशेष चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।



जानकारी देते मुखिया अनिल कुमार साह

न्यूज़ अपडेट

## जिप सदस्य शेख तैयब ने किया सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत गैडा के किरतोडीह मिलनटाड में मंगलवार को विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य के शेख तैयब के द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस सामुदायिक भवन निर्माण कार्य जिसकी लागत करीब 22 लाख 45 हजार रूपए 15वे वित्त आयोग द्वारा किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है।




शिलान्यास के पश्चात विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। हम आप लोगों की जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते है,किसी प्रकार की समस्या हो तो इसकी जानकारी हमे दे, उसका हल पूरा करने का प्रयास करेगे। इस दौरान अपने जिला परिषद सदस्य शेख तैयब को फूल माला पहनाकर ग्रामीणों ने स्वागत किया। कहा कि हम लोगो का सौभाग्य हैं कि हमे ऐसा जनप्रतिनिधि मिला है। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि ताज अंसारी, सौकत अंसारी, मुस्लिम अंसारी, सफरुद्दीन अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, सेराज साहब, आलम अंसारी, शेख क्युम, डूगी लाल यादव, विनोद बिहारी महतो, रामटहल रविदास, टेको रविदास समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन

- साथिया पियार एजुकेटेड को नान financiql लांच बोक्स देकर सम्मानित किया गया




**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़-टाटीझरिया पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्वास्थ्य साथिया पियार एजुकेटेड को प्रभारी निधिनारायण सिंह, रवि शंकर प्रसाद, डॉ० रवि कुमार, मुखिया रेखा देवी साथिया साथी द्वारा नान फाइनेंशियल लांच बोक्स देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी के द्वारा स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि अपने क्षेत्र में 10 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों एवं युवा मैत्री केंद्र परामर्श भेजे,जिससे सभी जागरूक हो सके, साथ ही वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चल रहे टीबी कार्यक्रम में सहिया दीदी का सहयोग करे। इस अवसर पर स्वास्थ्य संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी गई। मौके पर पीयूष कुमार, मीना कुमारी, शंकर पांडेय, काजल कुमारी,सुनीता देवी,रंजीत दांगी, रविंद्र कुमार, अमित कुमार, सुकेश बसंत, अनीता देवी, रीता देवी, पोखरी देवी, सरिता देवी, दीपा देवी, रेणु देवी ,मुद्रिका देवी, शबनम नूरी, मैंजुन निशा, नासिरा खातून, शहनाज खातून समेत काफी संख्या में सहिया दीदी मौजूद रहे।

## एलएम आईटीआई इचाक में स्वास्थ जांच सम्पन्न



**इचाक संवाददाता।** इचाक एलएम आईटीआई इचाक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगो ने स्वस्थ्य जांच करवाकर लाभ लिया। जांच को लेकर दो दिन पूर्व से ही प्रखण्ड के आस पास के अलावा दुर्गम इलाकों में भी प्रचार वाहन भेजकर प्रचार प्रसार किया गया था। 26 जनवरी को पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे से ही जांच शुरू कर दी गयी थी। डॉ नीलू कुमारी, डॉ रंजन कुमार के अलावा एलएम नर्सिंग कॉलेज के शिक्षकों और विद्यार्थियों समेत कई चिकित्सक लोगो को स्वस्थ्य एवं दांत का जांच किया और संस्थान द्वारा निःशुल्क दवा भी दी गयी।

## मईया सम्मान योजना का आवेदन जमा करने वालों की प्रखंड कार्यालय में लगी लंबी कतार



**टाटीझरिया(हजारीबाग)।** राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया मईया सम्मान योजना का लाभ सभी महिलाओं को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में महिलाएं उक्त योजना के लाभ के लिए प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगा रहीं हैं।इन्हें कभी सर्वर डाउन होने की बात कहकर वापस भेजा जाता है तो कभी खाता में गड़बड़ी,कभी आनलाइन आधार में गड़बड़ी बताकर वापस किया जाता है। मंगलवार को काफी संख्या में महिलाएं मईया सम्मान योजना के आवेदन लेकर कतार में खड़ी दिखीं। उनमें आवेदन जमा करने की बेचैनी ज्यादा थीं।उनका मानना था कि आवेदन जमा हो जाए,तो उन्हें 2500 रुपए की राशि सरकार जरूर देगी। आवेदन लेनेवाले शहजाद से पूछने पर बताया कि सर्वर अब भी काम नहीं कर रहा है,फिर भी आवेदन ले ले रहें हैं,देखते हैं क्या कुछ हो पाता है।

# रामकृष्ण चैरिटेबल नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान महिला की हुई मौत

## परिजनों ने जमकर किया हंगामा, प्रशासन ने नर्सिंग होम सील करने की मांग

**प्रतिनिधि बरही।**




बरही के करियातपुर में स्थित रामकृष्ण चैरिटेबल नर्सिंग होम में रानीचुअं पंचायत के छोटकी चलंगा निवासी चरकु सिंह के 22 वर्षीय पत्नी किरण देवी की प्रसव के दौरान मौत हो गई। इस बाबत मृतक की सास बिलवा मोसोमात पति स्वर्गीय देव नारायण सिंह ग्रामीण सहित मुखिया के अगुवाई में आवेदन देने बरही थाना पहुंची। आवेदन के माध्यम से उन्होंने राम कृष्ण चेरिटेबल नर्सिंग होम के संचालक भुनेश्वर साव, डॉ आशीष कुमार, डॉ फरहत प्रवीण एवं डॉ उपेंद्र कुमार पर आरोप लगाई है। बताई कि मेरी बहु किरण देवी को प्रसव पीड़ा हुई। जिसके बाद बीते रविवार शाम करीब 3 बजे रामकृष्ण चैरिटेबल नर्सिंग होम में भर्ती किया गया, जहां नर्सिंग होम के संचालक की कुव्यवस्था और डॉक्टरों की लापरवाही ने मेरी बहु की जान ले ली है। खबर लिखे जाने तक थाने में आवेदन देने की प्रक्रिया की जा रही थी।

- **क्या है घटनाः**

बीते रविवार शाम 4 बजे किरण देवी को प्रसव के लिए रामकृष्ण चेरिटेबल नर्सिंग होम में भर्ती किया गया था। जिसके उपरांत किरण देवी ने बड़ा ऑपरेशन से पुत्री को जन्म दी। ऑपरेशन के बाद किरण देवी की हालत बिगड़ने लगी और उनकी हालत गंभीर होती चली गई। जिसके बाद परिजन चिंतित हो गए, यह देख उक्त नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने बिना पर्ची के मरीज को रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने कहा कि समय कम है, आप इसे ले जाइए, हम डॉक्टर से बात कर लेंगे। उसी वक्त डॉक्टरों ने अपना एंबुलेंस बुलाकर महिला को सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने किरण देवी के परिजनों से कहा कि इसे यहां लाने की क्या जरूरत थी, यह तो पहले से ही मर चुकी है। देर शाम किरण के परिजन उसके शव के साथ वापस रामकृष्ण चैरिटेबिल नर्सिंग होम करियातपुर पहुंचे, जहां देखा कि उक्त नर्सिंग होम के डॉक्टर एवं अस्पताल कर्मी सभी गायब है। घटना से आक्रोशित ग्रामीण एवं परिजनों ने सोमवार सुबह उक्त नर्सिंग होम में जमकर तोड़ फोड़ किया और करीब 2 घंटा सड़क उक्त नर्सिंग होम के सामने एनएच टू को पूरी तरह जाम कर दिया। घटना की सूचना पाकर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुड्डू एवं बरही थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। प्रशासन को देख ग्रामीण उक्त नर्सिंग होम के संचालक को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। वहीं प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 24 घंटा के भीतर उक्त नर्सिंग होम के संचालक एवं डॉक्टर को गिरफ्तार करने आश्वासन के बाद सड़क जाम को हटा लिया गया। तत्पश्चात मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। वहीं जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने लोगों से सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने का अपील किया है। कहा कि सरकारी अस्पताल में निजी अस्पताल से कई गुणा बेहतर सुविधा दी जा रही है और कई विशेषज्ञ डॉक्टर भी उपलब्ध है। वहीं प्रशासन से ऐसे निजी नर्सिंग होम के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों के लिए प्रशासन से 10 लाख की मुआवजा की मांग की है। मौके पर सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

**श्रमबिंदु इचाक संवाददाता।**



इचाक : एनएच 33 रांची पटना मार्ग नगवां सेवाने पुल पर मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही की मौत हो गई जबकि स्कूटी में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना दोपहर 12 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक स्कूटी (जेएच 02 बीएन 1219) में चार युवक सवार होकर हजारीबाग से इचाक मोड़ की ओर जा रहे थे। इसी बीच स्कूटी अनियंत्रित होकर गार्ड वॉल से टकराकर गिर गई। घटना में शुभम कुमार (उम्र 14 वर्ष) पिता अरुण राम, ग्राम करकरी थाना कोर्रा जिला हजारीबाग निवासी सड़क पर फेका गया। ऐसे में पीछे से आ रहे एक ट्रक ने शुभम को अपने चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। घटना के सूचना पाते ही इचाक थाना एवं कोर्रा थाना पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घायलों को एनएच के एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा एवं मृतक शुभम कुमार को अंतिम परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस दरमियान घटनास्थल पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता बोंगा पंचायत के मुखिया उमेश मेहता, पत्रकार शयामदेव कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे। जिन्होंने घायल को अस्पताल भेजने में अहम भूमिका निभाई।

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज में गणतंत्र दिवस की रही धूम

## देश में हमें न केवल अपने अधिकारों की बल्कि कर्तव्यों को भी समझना होगाः संस्थाध्यक्ष डॉ.अनूप

**प्रतिनिधि बरही।**



पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्थाध्यक्ष अनूप कुमार मेहता के द्वारा झंडोत्तोलन के उपरांत प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें राष्ट्र प्रेम से उत्प्रोत गीत, नृत्य तथा भाषण प्रस्तुत किया गया। प्रो. अंशु लकडा तथा डॉ नीतू उपाध्याय के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रशिक्षुओं में गुनगुन कुमारी, प्रीति मिश्रा, प्रिया वर्मा, सोनम, निभा, एकता, भारती, कृष्ण मोहन, साहिल कमर, रूबी कुमारी, अंजली वर्मा, शिल्पी कुमारी, संजीत शर्मा, प्रिया मिश्रा तथा सुमन आदि प्रमुख रहे जबकि, मंच संचालन प्रशिक्षु विकी कुमार ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक तथा शिक्षककेत्तर कर्मचारियों में अपना योगदान दिया, खेल प्रशिक्षक प्रो. अविनाश कुमार की भूमिका सराहनी रही। मौके पर संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता ने कहा कि असीम संभावनाओं से भरे युवाओं के इस देश में हमें न केवल अपने अधिकारों की बल्कि कर्तव्यों को भी समझना होगा। निदेशक, रवि प्रकाश ने डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदानों पर चर्चा किया साथ ही प्रशिक्षुओं को यह संदेश दिया कि समाज में समानता के लिए उनकी माहिती भूमिका हो सकती है।डॉ. वीरेंद्र चौरसिया ने विश्व के महान और विस्तृत संविधान की विशेषताओं के विभिन्न पक्षों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया तथा प्रो. सारिका मेहता ने विश्व के महान और विस्तृत संविधान की विशेषताओं के विभिन्न पक्षों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया।

## सरकारी एवं निजी कार्यालय एवं विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मना 76 वाँ गणतंत्र दिवस

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**



प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी एवं निजी कार्यालय एवं विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ 76वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। वहीं पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स स्कूल चानो में विद्यालय प्राचार्य संजय कुमार द्वारा झंडोतोलन कर, उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थीगण राष्ट्रीय गान गाकर वीर शहीदों के नारों के साथ उन्हें याद किया गया। इस राष्ट्रीय पर्व के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, संगीत, देशभक्ति गीत, भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्राचार्य संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था, तब से प्रत्येक वर्ष इस खास तारीख को गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस का यह दिन डेढ़ सौ करोड़ भारतीयों के लिए गर्व और सम्मान का दिन होता है। निर्देशक एवं जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा कि भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ था तथा 26 जनवरी 1950 को इसके संविधान को आत्मसात किया गया, जिसके अनुसार भारत देश एक लोकतांत्रिक, संप्रभु तथा गणतंत्र देश घोषित किया गया। 26 जनवरी 1950 को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेंद्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी के साथ ध्वजारोहण कर भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया।

इस दौरान संजय कुमार (प्राचार्य), कौलेश्वर महतो(निर्देशक), शिक्षक पप्पू चौधरी, दिनेश कुमार, शिक्षिका खुश्बू कुमारी, ज्योत्सना कुमारी, नीतू कुमारी, करीना कुमारी, काजल कुमारी, नीलम कुमारी, चंद्रावती देवी समेत छात्र छात्राएं उपस्थित थे। वहीं ब्यूटी फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल सेहदा में 76वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया नया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शंकर महतो द्वारा झंडोतोलन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य मुकेश कुमार, धानेश्वर महतो, भारतीय युवा संसद सुरेश कुमार, वार्ड सदस्य वीना देवी, अशोक कुमार, धर्मवीर महतो, डालेश्वर कुमार समेत सैकड़ों विद्यार्थी गण एवं अभिभावक शामिल हुए।

## चोरी के पम्प सेट के साथ दो आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टाटीझरिया(हजारीबाग)।** थानांतर्गत मंडपा गांव निवासी गणेश साव,पिता स्व लालजी साव द्वारा 27 जनवरी को थाना में अपने खेत से पानी पंप सेट की चोरी से संबंधित आवेदन दिया गया था। जिसपर त्वरित संज्ञान लेते हुए टाटीझरिया पुलिस ने दो आरोपितों को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




मंगलवार को इस बाबत विष्णुगढ़ ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बी एन प्रसाद और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने प्रेस वार्ता कर गिरफ्तारी की सूचना दिया। उन्होंने बताया कि चोरी की सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया।जिसमें एस डी पी ओ,थाना प्रभारी , स अ नि दीपक कुमार,आरक्षी टिंकू कुमार और संजय कुमार शामिल थे। इन्होंने आरोपित ,खंभवा निवासी शिवकुमार सिंह,पिता स्व केदार सिंह और राजेश्वर सिंह उर्फ राजू सिंह पिता विशुनधारी सिंह को सामान के साथ उनके घर से गिरफ्तार किया है। आगे और भी छानबीन जारी है। दोनों आरोपित चाचा - भतीजा हैं। दोनों ही आरोपित का अपराधिक इतिहास रहा है। एक पर अपने ही भाई को जान मारने का आरोप है तो दूसरे पर पूर्व में भी अपने ही भाई को ब्लेड से प्रहार कर जख्मी करने से संबंधित मामला दर्ज है।

## इचाक मे जननायक कर्पूरी ठाकुर की धूमधाम से मनी जयंती वक्ताओं ने कहा

### शोषितों दलितों के मसीहा थे कर्पूरी ठाकुर

**इचाक संवाददाता**




इचाक. भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती इचाक के पेठिया बागी स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर परिसर मे मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई.जयंती समारोह की शुरुआत भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर एवं डॉ आंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया. वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता एवं प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर ने किया. मंच संचालन रामशरण शर्मा ने किया.मुख्य अतिथि राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर आदर्श के प्रतीक थे, वे जयप्रकाश,राममनोहर लोहिया, गांधी जी के आदर्शों पर चले जिसके कारण कर्पूरी ठाकुर के मरणोपरांत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया.जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर पिछड़ों ,शोषितों के मसीहा थे. इनके कर्मों से हम सबों को सिख लेनी चाहिए. उमेश प्रताप ने कहा कि अपने कार्यों के बदौलत वे जननायक कहलाए और उन्हें भारत रत्न का सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया. बटेश्वर मेहता ने कहा उन्होंने अपने लिए कुछ नहीं बल्कि देश एवं समाज के शोषितों को आगे बढ़ाने का काम किया. राष्टीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष छेदी ठाकुर ने कहा पिछड़ों दलितों एवं सामाजिक न्याय के मसीहा जननायक कर्पूरी जी को भारत रत्न का सम्मान मिलता गर्व की बात है. आजसू नेता प्रदीप कुमार मेहता ने कहा कि इचाक में जननायक कर्पूरी ठाकुर का आदमकद प्रतिमा स्थापित हो इसके लिए प्रयास करूंगा. कर्पूरी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष प्रिंस ठाकुर ने कहा की जननायक कर्पूरी जी अपना पूरा जीवन सादगी के साथ बिताया और गरीब शोषितों को आगे बढ़ाने का काम किया. झामुमो के केंद्रीय युवा उपाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने कहा की मुख्यमंत्री काल में कष्ट सहते हुए भी समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाया एवं पूरे देश में पिछड़ों को पहचान दिलाई. अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा की जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जीवनी से हम सबों को सिख लेने की जरूरत है उन्होंने कहा की शराब को त्यागें एवं अपने बच्चों को पढ़ाएं. बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कर्पूरी ठाकुर ने समाज के शोषितों को आगे बढ़ने की राह दिखाई. उन्होंने इचाक में आदमकद प्रतिमा बने ताकि उनसे सबों को प्रेरणा मिलते रहे. इसके अलावा जिप सदस्य रेणु देवी,मुखिया अशोक कपरदार, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, राजद नेता शत्रुघ्न राम, जदयू नेता अर्जुन मेहता, प्रो ब्रजकिशोर मेहता,दीपा कुमार , मुखिया मीना देवी,बरही के गोविंद ठाकुर, मौलाना मोख्तार, राजकुमार राम,पंचायत समिति सदस्य रेणु देवी, कर्पूरी सेना के कोडरमा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर, शंभू ठाकुर,लक्ष्मण यादव,अशोक ठाकुर,तुलेश्वर ठाकुर,विजय ठाकुर, श्रीकांत ठाकुर,अनिल मेहता ने भी अपने विचारों को रखा.कार्यक्रम में गोपाल ठाकुर, भरत ठाकुर, विक्रम शर्मा, महेश वैध, सुखदेव ठाकुर, रामदेव ठाकुर, गोपाल ठाकुर, सीताराम ठाकुर,देवदत शर्मा के अलावा इचाक प्रखंड के दर्जनों गांव के सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए.

न्यूज़ अपडेट

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

## बिना हेलमेट के टू व्हीलर चालकों को दिया नि:शुल्क हेलमेट




**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी एवं ट्रैफिक डीएसपी श्री अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक तथा सिटी सेंटर पर बिना हेलमेट के टू व्हीलर चलाने वालों को पकड़ा गया।
उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे लगभग 50 चालकों के बीच निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। कुछ लोगों के हेलमेट बहुत खराब स्थिति में पाए गए। उनको भी नई हेलमेट देकर अच्छी क्वालिटी की हेलमेट पहनने और हमेशा हेलमेट लॉक लगाने के लिए समझाया गया।
मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार एवं यातायात पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## लोंगों की शिकायतें जनता दरबार में अपर समाहर्ता ने सुनी



**श्रमबिंदु /धनबाद ।** मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी।
जनता दरबार में बलियापुर के भिखराजपुर से आए व्यक्ति ने अपर समाहर्ता को बताया कि उनके भाई द्वारा जबरन उनका घर तोड़ा जा रहा है। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट करते हैं।
वहीं मनईटांड से आए व्यक्ति ने कहा कि वह जीविकोपार्जन के लिए विगत 26 वर्षों से एक पान गुमटी चला रहे हैं। परंतु मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा बारंबार गुमटी हटाने की धमकी दी जा रही है।
एक अन्य फरियादी ने रैयती जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर घर बनाने की शिकायत की।
इसके अलावा राशन कार्ड बनाने, आरटीआई में पुत्र का चयन होने के बाद भी विद्यालय द्वारा नामांकन नहीं करने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।
अपर समाहर्ता ने सभी शिकायतों को संबंधित पदाधिकारी के पास निष्पादन करने के लिए अग्रसारित किया।
जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद व जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में हाइबा ने क्षात्रों को ठोकर मारा , दो घायल

**श्रमबिंदु /धनबाद ।** तिसरा, मंगलवार को झरिया बलियापुर मुख्य मार्ग स्थित चांद कुइयां मोड़ के पास स्कूल जा रहे दो छात्रों को बीसीसीएल के हाइवा वाहन जेएच 10 एएफ 3533 ने ठोकर मारने से दो छात्रों को काफी चोट लगी, दोनों छात्रों को सुबह उसके पापा स्कूल ले जा रहे थें। इसी क्रम में यह दुर्घटना घटी, घायल छात्रों का नाम नयन महतो (13 वर्ष) ,अमन महतो (12 वर्ष ) पिता जितेंद्र महतो है । दुर्घटना की सूचना पाते ही लोगों का जमावड़ा लग गया लोगों ने ड्राइवर की जमकर पिटाई कर दी, तिसरा थाने को सूचना मिलते ही थानेदार सुमन कुमार ने तत्परता दिखाते हुए घनुडीह ओपी और बलियापुर पुलिस पहुच कर हालात पर काबू पाया जा सका। तिसरा थानेदार ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। दोनों छात्रों का इलाज झरिया के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, दोनों की हालत खतरे से बाहर है।



## झरिया में श्रध्दाभाव से 101वीं जयंती पर याद किये गये भारत रतन कर्पूरी ठाकुर

**श्रमबिंदु /धनबाद ।** 28 जनवरी को रामचन्द्र दल बालू गद्दा झरिया के प्रांगण में झरिया प्रखंड नाई समाज संघ ने सामाजिक न्याय के पुरोधा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रतन जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती पर उन्हें याद कर बड़े ही धूमधाम से जयंती मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला के अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा एवं संचालन डॉक्टर एमके ठाकुर ने किया। वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिवंगत कर्पूरी जी ने कहा था मैं उस घर में दिया जलाने निकला हूँ जहां सदियों से अंधेरा है।
और उन्होंने समाज कल्याण में जीवन अर्पित कर दी।
उनके आदर्श को अपनाए और शिक्षित बने।
इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय नाई समाज संघ के सदस्य हीरालाल शर्मा एवं झरिया प्रखंड के अध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा उर्फ मोहन ठाकुर, सचिव प्रदीप कुमार ठाकुर, डॉड्ड सत्यनारायण ठाकुर, महेंद्र शर्मा, अरविंद शर्मा, राजकुमार ठाकुर, ईश्वर ठाकुर, वासुदेव ठाकुर किशोर ठाकुर , डॉक्टर शिबू ठाकुर , गोपाल ठाकुर , जितेंद्र ठाकुर , सुनील ठाकुर , राज कुमार शर्मा केंदुआ , मंटू ठाकुर , दिनेश शर्मा , राजपति शर्मा , संजय शर्मा , अजय शर्मा, लाल धारी शर्मा , राजेंद्र शर्मा, पन्नालाल शर्मा , नरेश ठाकुर , विक्की ठाकुर , भूषण ठाकुर , कमलेश्वरी ठाकुर , कृष्ण शर्मा , शिवजी शर्मा , डॉक्टर बृजनंदन शर्मा, देवेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।






# आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो केंदीय महासभा में गरजे, सरकार और बीसीसीएल को दी चुनौती

- **धनबाद में आजसू पार्टी की केंद्रीय महासभा का आयोजन किया गया. पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने सरकार और शासन पर कई सवाल खड़े किए ,**
- **केंद्रीय महासभा में मौजूद पार्टी सुप्रीमो व सांसद**

**श्रमबिंदु /धनबाद।**

जिले के पुटकी भटिंडा फॉल में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित केंद्रीय महासभा में पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो सहित पार्टी के कई बड़े नेताओं ने भाग लिया. महासभा का आयोजन पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों पर चर्चा करने के उद्देश्य से किया गया, कार्यक्रम से पहले सुदेश महतो ने स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी,
केंद्रीय महासभा में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने अपने संबोधन में राज्य सरकार और जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए, उन्होंने हिलटॉप आउटसोर्सिंग के रैयतों पर दर्ज एफआईआर को लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए और इसे जनता को परेशान करने का कृत्य बताया. उन्होंने कहा जमीन हमारी और जब हम हक मांगते हैं तो हम पर गोली चलाई जा रही है, जो नहीं चलेगा. आज निर्दोष लोगों को पुलिस परेशान कर रही है. रात के अंधेरे में पुलिस घरों में जाकर तोड़फोड़ और लोगों से गाली गलौज कर रही है,




- **सभा को संबोधित करते पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो और गिरिडीह सांसद**

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी का वार्षिक कार्यक्रम हर साल जनवरी महीने में आयोजित किया जाता है. इस कार्यक्रम में जिला और प्रखंड स्तर के नेता शामिल होते हैं और साल भर के लिए पार्टी की रणनीति तैयार की जाती है. इस बार कार्यक्रम धनबाद में आयोजित हुआ. जिसे विनोद बाबू की धरती कहा जाता है. उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों तक पार्टी जनता के मुद्दों पर आंदोलन करने का काम करेगी. इस कार्यक्रम के दौरान जयराम महतो की पार्टी खछडट के नेता संजय मेहता समेत पर्टी के कई बड़े नेता और समर्थकों का आजसू पार्टी में स्वागत किया गया,
कार्यक्रम में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने भी मंच से राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य के गठन का जिसने विरोध किया, उनके साथ आज सरकार चला रही है, उन्होंने हिलटॉप आउटसोर्सिंग की घटना पर कहा कि सरकार और बीसीसीएल की नीतियों के चलते स्थानीय लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं. सांसद ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर स्थानीय लोगों को उनका हक नहीं मिला, तो पार्टी बीसीसीएल के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी ।

# चासनाला परियोजना व सेल टासरा का केंद्रीय इस्पात मंत्री ने किया दौरा

- **देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है सेल कोलियरी :- एचडी कुमार स्वामी,**
- **उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया पुष्पगुच्छ से स्वागत**

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

मंगलवार को माननीय केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमार स्वामी एवं माननीय इस्पात एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा ने सेल की टासरा ओपन कास्ट परियोजना एवं चासनाला वाशरी का निरीक्षण किया। इस दौरान सेल के चैयरमेन अमरेंदु प्रकाश भी उनके साथ थे।
टासरा परियोजना आगमन पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन एवं सेल के वरीय पदाधिकारियों ने मंत्रीद्वय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।
वहीं सेल के महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने मंत्रीद्वय को टासरा परियोजना की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि टासरा परियोजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। यह परियोजना 4 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की परियोजना है, जिसमें वाशरी का निर्माण भी शामिल है।
उन्होंने बताया कि इस परियोजना से स्थानीय क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
वहीं माननीय केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कोल माइन के ले-आउट आदि का निरीक्षण कर कहा कि यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है एवं इस परियोजना से कोकिंग कोल के आयात में कमी आयेगी, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी।
उन्होंने सेल एवं मेसर्स के.टी. एम.पी.एल. के संयुक्त तत्वावधान में सीएसआर के अन्तर्गत संचालित महिला स्वरोजगार गतिविधियों का अवलोकन किया एवं सेल के सामाजिक क्षेत्रों के कार्यों की सराहना की।
तत्पश्चात मंत्रीद्वय ने सेल चासनाला वाशरी का अवलोकन कर वाशरी के कार्यों की समीक्षा की। उसके बाद मंत्रीद्वय ने चासनाला शहीद स्मारक पहुंच कर खान दुर्घटना में शहीद हुए श्रमिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।
इस अवसर पर सेल के बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बी.के. तिवारी, कोलियरी प्रभाग के कार्यपालक निदेशक एस. के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) संजय तिवारी, महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यम, के.टी.एम.पी.एल. के प्रवीण कोटा, टी. रमेश एवं बड़ी संख्या में सेल के अधिकारी तथा प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।



## मुखिया ने किया स्नानघर का उद्घाटन



**श्रमबिंदु /धनबाद ।** बलियापुर पश्चिम पंचायत अंतर्गत, पंचायत सचिवालय के समीप पंचायत समिति सदस्य नमिता देवी के 15वीं वित्त आयोग मद द्वारा स्नान का घर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, पंचायत समिति सदस्य नमिता देवी, मुखिया विजय गोराई के कर कमल के द्वारा कि गई । मौके पर उपस्थित पूर्व मुखिया नीलिमा देवी, वार्ड सदस्य गण, राखोहरी गोराई, सुबल गोराई, रवींद्र वर्मा, उत्तम गोराई,जगन्नाथ गोराई, मोहन गोराई राजू, विजय रजक, टप्पु, संजय रजक, दिपक कुम्भकार राजकिशोर कुम्भकार ,पिन्टू मंडल आदि थे ।

## बीसीसीएल के सीएमडी के साथ सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने की बैठक ,

- **विस्थापितों की समस्या और विकास कार्यों पर की चर्चा**



**श्रमबिंदु /धनबाद ।** मंगलवार को बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन धनबाद में गिरिडीह के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने बीसीसीएल सीएमडी समिरन दत्ता के साथ बैठक कर गोबिन्दपुर एरिया 3 खरखरी मामले की जानकारी लिए और सीएमडी को निर्देशित किये की काग़ज़ी प्रक्रिया व विस्थापितों को विश्वास में लेकर ही आगे काम करें ताकि एसी घटना का पुनरावृति ना हो साथ ही क्षेत्र के विकास कार्यो को लेकर भी चर्चा किए।

## धनबाद में फर्जी कंपनी बनाके जीएसटी के करोड़ों रुपये डकारा

**श्रमबिंदु /** धनबाद में फर्जी कंपनी बनाकर करोड रुपए जीएसटी चोरी का मामला मां कल्याणेश्वरी इंटरप्राइजेज कंपनी बनाकर करोड़ों रुपए का किया गया ट्रांजैक्शन कभी गुपचुप वाले तो कभी रिक्शा वाले के नाम पर कंपनी बनाकर सरकार को लगा रहे हैं करोड़ों का चुना पप्पू नाम का व्यक्ति करता है कंपनी का संचालन, वित्त मंत्री के दौरे से पहले विभाग ने कंपनी को कर दिया सस्पेंड।

# नवजीवन एकेडमी में 76 वें गणतंत्र दिवस उत्सव

## जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है शिक्षा डिग्री नहीं :- मिथलेश

**श्रमबिंदु /धनबाद । झरिया**

, नवजीवन एकेडमी नुनुडीह में 76 वें गणतंत्र दिवस भव्य, उत्साह, उल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और ध्वजारोहण के साथ हुई, इसके बाद, छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत, संगीत, भाषण और कविता पाठ प्रस्तुत किए गए, जो हमारे देश की विविधता और समृद्ध संस्कृति पर आधारित थे। इस गौरवपूर्ण अवसर पर संस्था के निदेशक मिथलेश दास ने अपने संबोधन में संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और 1950 में इस दिन की ऐतिहासिक उपलब्धि को याद करते हुए सभी को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का आ''ान किया। संस्था के निदेशक मिथलेश दास ने आपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, आप सभी भारत के भविष्य हैं। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि यह देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है। एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना ही सच्ची देशभक्ति है।




छात्र समर कुमार ने अपने प्रेरणादायक भाषण के माध्यम से संविधान की भावना और देश के प्रति कर्तव्यों को उजागर किया। छात्रा साक्षी पांडेय ने अपने ओजस्वी भाषण में गणतंत्र की उपलब्धियों और लोकतंत्र की शक्ति पर प्रक ाश डाला। छात्र अभिषेक कुमार ने एक सुंदर देशभक्ति कविता प्रस्तुत की, जो हर किसी के हृदय को छू गई। छात्रा मोनी कुमारी ने अपने संगीतमय प्रस्तुति से कार्यक्रम में मधुरता का रंग भर दिया। छात्रा रोशनी टुडू ने अपने भाषण के माध्यम से देश के विकास में युवाओं की भूमिका और योगदान पर जोर दिया। छात्रा नरगिस प्रवीण ने संविधान की विशेषताओं, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं के साथ-साथ महिलाओं को मिले विशेष अधिकारों पर प्रभावशाली भाषण दिया।
कार्यक्रम में नेहा कुमारी, रोशनी टुडू, नरगिस प्रवीण, सोनी कुमारी, साक्षी कुमारी, खुशबू कुमारी, भूमि कुमारी, साक्षी पाण्डेय, शोभा कुमारी, सरिता कुमारी, मोनी कुमारी, अभिषेक कुमार, रोहित साधु, अमर कुमार , अमन कुमार, रामजीत कुमार, मोहम्मद सादाब, समर कुमार, सुमन प्रवीण, सईदा आरा समेत शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन

**हाजीपुर:।**

आज दिनांक 28.01.2025 को धनबाद मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया । इस बैठक में धनबाद मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदगण उपस्थित थे । बैठक की अध्यक्षता माननीय सांसद श्री विष्णु दयाल राम जी द्वारा किया गया ।
माननीय सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी तथा माननीय सांसद श्री कालीचरण सिंह जी बैठक में उपस्थित हुए । साथ ही माननीया केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, माननीय केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय सांसद श्री ढुलू महतो, माननीय सांसद श्री मनीष जायसवाल, माननीय सांसद डॉ. राजेश मिश्र, माननीय सांसद डॉ. सरफराज अहमद, माननीय सांसद श्री आदित्य प्रसाद, माननीय सांसद श्री प्रदीप कुमार वर्मा, माननीय सांसद श्री दीपक प्रकाश तथा माननीया सांसद श्रीमती महुआ माजी के प्रतिनिधि आज की बैठक में उपस्थित थे । माननीय सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास तथा यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये गए । माननीय सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया । साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे ।
इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने माननीय सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत किया । महाप्रबंधक ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि धनबाद मंडल द्वारा यात्री सुविधा की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि धनबाद मंडल भारतीय रेल में माल लदान में महत्वपूर्ण स्थान रखता है एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी धनबाद मंडल द्वारा माल लदान एवं इससे प्राप्त आय में भारतीय रेल के सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ है । महाप्रबंधक ने माननीय सांसदों को अवगत कराया कि इस वर्ष में यात्री सुविधा के क्षेत्र में कार्य करते हुए 03 स्टेशनों पर उपरगामी पुल का निर्माण, 05 स्टेशनों के प्लेटफार्म का विस्तार का कार्य पूरा किया गया है । इसी तरह 08 स्टेशनों पर दिव्यांग शैचालय की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है । धनबाद स्टेशन पर रेल कोच रेस्टुरेंट भी खोला गया । अनारक्षित टिकट आसानी से प्राप्त हो सके इसके लिए रेणुकूट, चोपन तथा बरकाकाना में दो-दो एटीवीएम का प्रावधान किया गया । यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष साप्ताहिक ट्रेन कायंबटूर के लिए तथा जम्मूतवी एवं नासिक रोड के लिए द्विसाप्ताहिक ट्रेन का परिचालन किया गया । न्यू गिरीडीह से रांची के लिए इंटरसिटी का परिचालन प्रारंभ किया गया जिसका मार्ग विस्तार अब मधुपुर तक कर दिया गया है । अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रारंभिक चरण में 15 स्टेशनों का चयन किया गया है जिसका कार्य विभिन्न चरणों में है । एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत 26 स्टेशनों पर स्टॉल/ट्रॉली लगाए गए हैं जिससे क्षेत्र के हस्तशिल्पियों एवं स्थानीय उत्पाद को उत्सावर्धन तथा उत्पाद को एक बेहतर बाजार मिल रहा है । माननीय सांसदों ने अपने क्षेत्र में ट्रेनों के ठहराव, नई रेल परियोजनओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी, जिससे महाप्रबंधका द्वारा माननीय सांसद को अवगत कराया गया ।
महाप्रबन्धक ने माननीय सांसदों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यों की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होगा ।



## न्यूज अपडेट

### गोमिया से महाकुंभ स्नान के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**गोमिया।** प्रयागराज में महाकुंभ स्नान एवं अन्य तीर्थस्थलों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के जत्थे को मंगलवार को गोमिया के पूर्व मुखिया जगदीश स्वर्णकार एवं पूर्व मुखिया ललिता देवी ने फूल का माला पहनाकर रवाना किया.इस दौरान श्रद्धालु दुलाल प्रसाद ने बताया कि गोमिया से प्रयागराज में महाकुंभ स्नान सहित काशी,अयोध्या, विन्याचल आदि तीर्थ स्थलों का दर्शन किया जाएगा.इसके पश्चात पुनः गोमिया वापस आएंगे. मौके पर बिट्टू कुमार,अनिल कुमार, भोला नायक, संध्या देवी, पूनम देवी आदि उपस्थित थे.

### गोमिया काली मंदिर में पूजा अर्चना एवं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा





**गोमिया ।** गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़ स्थित काली मंदिर में तीन दिवसीय श्री श्री वार्षिक माघी काली पूजा आयोजन किया जा रहा है. पूजा के दूसरे दिन मंगलवार को मंदिर में पूजा अर्चना एवं दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं पूजा में कलश यात्रा पूजन, पूजा अर्चना, भजन कीर्तन, प्रवचन, महाआरती,पुष्पांजलि, हवन आदि का कार्यक्रम किया जा रहा है। बुधवार को कुंवारी कन्याओं का भोजन, भंडारा महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है. वार्षिक माघी काली पूजा का आयोजन 27 से 29 जनवरी तक किया गया है। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष जगदीश स्वर्णकार,संरक्षक डा सुरेंद्र राज,सचिव प्रदीप रवानी, किशोर साव, विपिन कुमार, पंकज पांडेय, संजय पांडेय, धनेश्वर साव, राजेन्द्र साव, वसंत जायसवाल, अनिल स्वर्णकार, आदित्य पाण्डेय, बबली स्वर्णकार, पिंकू जायसवाल,सुनील चौधरी, रोहित यादव, प्रकाश अग्रवाल, सुखदेव साव, केदार रवानी, रविन्द्र प्रसाद,दीपक कुमार, राजेन्द्र रवानी, विनोद अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### एक दिवसीय क्रिकेट मैच में सीनियर इलेवन की टीम जीता



**गोमिया।** प्रखंड के गोमिया पंचायत अंतर्गत मोदी टोला के मैदान में स्व सुगिया देवी फाउंडेशन गोमिया के सौजन्य से मंगलवार को एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच सीनियर इलेवन गोमिया एवं जूनियर इलेवन गोमिया के बीच खेला गया। जिसमें जूनियर इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 41 रन बनाया। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए सीनियर इलेवन गोमिया की टीम ने सात ओवर में हीं 42 रन बनाकर मैच जीत लिया। वहीं विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज एवं विशिष्ट अतिथि गोमिया मुखिया बलराम रजक, फाउंडेशन के अध्यक्ष देवेश यादव एवं सचिव भरत यादव ने पारितोषिक एवं शील्ड प्रदान किया. मौके पर मंटू यादव, उमेश यादव, राजकुमार यादव, बद्री यादव,कुलदीप भुइयां,धनेश्वर,रामचंद्र,हृदयनारायण,चेतलाल,बिनोद, लालू आदि उपस्थित थे।

### पेंक नारायणपुर थाना एवं ऊपरघाट में शान से लहराया तिरंगा।





**ऊपरघाट / बेरमो ।** पेंक नारायणपुर थाना परिसर एवं ऊपरघाट स्थित नौ पंचायत के सभी विधालय,कल्ब व पार्टी कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा फहराया गया।पेंक नारायणपुर थाना में थाना प्रभारी अनिल लिंडा, कंजकिरो पंचायत सचिवालय में मुखिया ललीता देवी,गोनियाटो पंचायत सचिवालय में मुखिया कुमारी अमृता , पेंक पंचायत सचिवालय में मुखिया सुखमती देवी, प्राथमिक विद्यालय मांझी टोला में पंसस पार्वती देवी, नव प्राथमिक विद्यालय में सचिव तुलसी प्रसाद ने ध्वजारोहण किया गया। मौके पर पेंक नारायणपुर थाना के एस आई नरेन्द्र तिवारी,घनशयाम कुमार रवि, प्रियंस मुंडा ,प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो, अध्यक्ष रेखा देवी,मंगरी देवी, गोविन्द किस्कू, सहित कई थे।

# दिव्यांगो को हुआ सहायक किट्स का वितरण

श्रम बिंदु



**गिरीडीह।** जिले में डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय डुमरी के सभागार में डुमरी विधायक की उपस्थिति में आज मंगलवार को दिव्यांगजनों के बीच सहायक यंत्रों का वितरण किया गया। एलिम्को और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डुमरी एवं पीरटांड़ प्रखंड के दर्जनों दिव्यांग जनों की उपस्थिति थी ।मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जयराम महतो थे। इस दौरान 8 लाभुकों को श्रवण यंत्र,11 लाभुकों को ट्राईसाईकिल,पीरटांड़ के एक दिव्यांग को बैटरी से संचालित ट्राईसाईकिल,6 लाभुकों को व्हील चेयर,29 लाभुकों को वाकिंग स्टीक,26 लाभुकों को बैसाखी,6 लाभुकों को एल्बो बेल्ट,3 लाभुकों को कमर बेल्ट,52 लाभुकों को नी बेल्ट,एक लाभुक को रोलेटर,1 लाभुक को सुगमिया आवाज छड़ी एवं 2 लाभुक को सीपी चेयर दिया गया ।उपस्थित दिव्यांग जनों से विधायक ने कहा कि आपकी आवशयकता अनुसार सहायक यंत्र दिया गया है जो आपके जीवन को सुलभता प्रदान करेगा।

इस कार्यक्रम में बीडीओ अन्वेषा ओना, उपप्रमुख उपेन्द्र महतो बबलू अलिम्को कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय मंडल जेएलकेएम के अमित महतो मुखिया जगदीश महतो,सीताराम तुरी पंसस अखिलेश राणा आदि उपस्थित थे।

# बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट के चल रहे वाहन चालकों को दी गई कड़ी चेतावनी

श्रम बिंदु



**गोमिया।** आइइएल थाना के समीप बीडीओ महादेव कुमार महतो एवं सीओ आफताब आलम ने आइइएल थाना के पुलिस पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया एवं बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट के चल रहे वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का सख्त हिदायत दिया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि वाहन जांच अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि सभी प्रकार के वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करें और लोगों को भी जागरूक करें। वहीं सीओ ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य होता है। सभी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन अवश्य करें। इस दौरान इन सभी दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन चालक को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का सख्त निर्देश दिया गया और कहा कि आगे से ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं किया गया तो जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं दो पहिया वाहन में दो सवारी के साथ दो हेलमेट पहने हुए लोगों को बुके देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर आइइएल थाना के पुलिस अधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### माधोपुर पंचायत के पकड़ी विसौली गांव से अभिजय सिंह के निजी आवास से हर घर जनसुराज जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई





**गौनाहा।** बेलवा पकड़ी विसौली गांव से जनसुराज जनसंपर्क अभियान की शुरुआत अभिजय सिंह के निजी आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए वही प्रेस वार्ता के दौरान सभी ने अपनी अपनी बात को रखते हुए आने वाले दिन में जनसुरज को अपना समर्थन देते हुए भारी से भारी संख्या में समर्थक बनाने की बात कही गई कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख जनसुराज के जिला महिला अध्यक्ष रीना देवी ने बताया की जनसंपर्क अभियान में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा संख्याओं में होनी चाहिए अपने बच्चों के भविष्य के लिए जनसुराज ही विकल्प है कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मुखिया जिला पार्षद वर्तमान जानसुराज के जिला महासचिव शमशाद अली, हिमांशु त्रिपाठी, इंजीनियर अशरफ अली राज्य कार्यसमिति सदस्य जिला संयोजक शंभू प्रसाद गोड़ सुधीर उपाध्याय नंदकिशोर चौरसिया रितेश गुप्ता संजय यादव आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता पंचायत वास शामिल हुए अभिजय सिंह ने बताया बिहार में अफसर शाही चरम पर है किसानों को भी अपने खेती के लिए यूरिया खाद के लिए काफी परेशानियों के साथ-साथ लंबी लाइन लगानी पड़ती है और अंत में किसानों को ब्लैक में खाद और यूरिया खरीदनी पड़ती है अपने बच्चों के भविष्य के लिए किसानों के हित के लिए अबकी बारी जनसूराज की बारी

# भव्य माघी काली पूजन समारोह का हुआ आयोजन

श्रम बिंदु



**डुमरी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डुमरी के माघी काली मंदिर में मंगलवार को पूजन समारोह का आयोजन किया गया। डुमरी प्रखंड के साथ आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता काली की पूजा अर्चना की।जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण हुई,उन्होंने माता को बकरे की बलि अर्पित किया।इससे पहले 27 दिसंबर की अर्द्धरात्रि को मिसरी पूजा कर उसके प्रसाद को क्षेत्र के श्रद्धालुओं को वितरित किया गया।रात्रि में जहां बकरे की बलि दी गयी।
वहीं मंगलवार को भी श्रद्धालुओं ने बलि दिया। जिसको दोपहर बाद बकरे के मुण्डी को प्रसाद के रूप में नीलाम किया गया।मुंड को खरीदने के लिए श्रद्धालुओं ने ऊंची बोली लगाकर माता के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट किया।समस्त पूजन विधान पश्चिम बंगाल पुरलिया के नरसिंह उपाध्याय,भक्तिपद ओझा सहित स्थानीय ब्राह्मण मनोज पांडेय,शंकर पांडे,जितेंद्र पांडेय के सानिध्य में संपन्न कराया गया।वहीं स्थापित प्रतिमा का विसर्जन 29 जनवरी की शाम भव्य शोभा यात्रा निकाल कर किए जाने की बात बताई गई।मौके पर आकर्षक साज सज्जा किए गए। इस भव्य आयोजन हेतु समस्त पूजन व्यवस्था को लेकर माघी काली मंदिर संस्थापक के वंशज निर्मल जायसवाल,समिति अध्यक्ष विजय जायसवाल,संतोष अग्रवाल,पीयूष अग्रवाल,गोलू,पप्पू,विक्की,ओमप्रकाश,आर्यन,अजय रजक,शम्मी,सैंकी,राजकिशोर,अमन आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### कठिया मठिया टीम ने भेलाही को हरा शील्ड पर कब्जा जमाया

- **विजेता टीम को बुलेट व उपविजेता टीम को हौंडा साइन दिया गया उपहार**



**रक्सौल ,पूर्वी चंपारण।** भेलाही प्रीमियम लीग टी ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच कठिया मठिया व भेलाही टीम के बीच नथुनी दुर्गा उच्च विद्यालय पुरान्दरा भेलाही के प्रांगण में खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुवे भेलाही की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 बेकेट खो कर 172 रन बनाई ,जिसके जबाब में कठिया मठिया टीम ने 17 ओवर में 6 विकेट खोकर 173 रन बना शील्ड पर कब्जा जमाया ।विजेता टीम को लोजपा (आर)के प्रदेश महासचिव पंकज पांडेय उर्फ लोहा पांडेय उप विजेता टीम को एनयूजेआई अनुमंडल संयोजक बिपिन कुमार ने 4 फिट का शील्ड देकर सम्मानित किया । मैन ऑफ द मैच आनन्द कुमार ,मैन ऑफ द सीरीज सरफराज खान तथा बेस्ट बॉलर का खिताब महमद मतलूब को दिया गया।भेलाही टीम के कप्तान रतन रौनियार व कठिया मठिया टीम के कप्तान तनबीर बाहुबली के नेतृत्व में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया ।हजारों दर्शकों ने मैच का लुप्त उठाया ।इस टूर्नामेंट का आयोजन चंदन पटेल,विकाश कुशवाहा व रणजीत सावंत द्वारा किया गया था ।इस मैच में कमांटेटर की भूमिका अखिलेश बैठा व बंटी कुमार गुप्ता ने निभाई ।वही एम्पायर के रूप में झुना कुमार व श्रीनीवास कुमार तथा स्कोरर के रूप में बब्लू कुशवाहा रहे ।इस मौके पर सरपंच पति रामविनय सिंह, कांग्रेस नेता मनोरंजन तिवारी,प्राचार्य रणधीर कुमार,बैधनाथ गोस्वामी ,अनिल पटेल,कृष्णा रौनियार,जगदीश प्रसाद,बीरेंद्र पटेल,बृजलाल पेंटर सहित कई लोग मौजूद थे ।

# 1 करोड़ इनामी प्रयाग मांझी का करीबी सेरम चढ़ा पुलिस के हत्थे

श्रम बिंदु





**गिरिडीह ।** नक्सलियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में गिरिडीह पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी उर्फ करण दा के करीबी सेरम और उसकी पत्नी को पकड़ा है। गिरफ्तार सेरम 1 करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी के लिए रात में संत्री की ड्यूटी करता था। जबकि, उसकी पत्नी मालती मुर्मू उर्फ गुड़िया उर्फ गुड़ी खाना बनाती थी। दोनों ने पूछताछ में कई जानकारियां सुरक्षाबलों को दी।

- **जंगल में भ्रमणशील होने की सूचना पर शुरू हुई सर्च अभियान**

सेरम और उसकी पत्नी गुड़िया की गिरफ्तारी को लेकर मीडिया को बताया गया कि बीती रात गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार को सूचना मिली कि कुछ नक्सली जंगल मे घूम रहे हैं। इसके बाद सीआरपीएफ 154 बटालियन और डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में सर्च अभियान शुरू हुआ। सुरक्षाबलों को देखकर सेरम और गुड़िया भागने लगी। जिसके बाद दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जांच करने पर दोनों के पास से एक पिस्टल और दो पीस जिंदा गोली जब्त किया गया।

- **3 सेक्शन फोर्स के साथ जंगल में भ्रमण करता है प्रयाग मांझी**

पूछताछ में तालेश्वर हांसदा उर्फ सेरम ने बताया कि प्रयाग मांझी बढ़ती उम्र के कारण ज्यादा भ्रमणशील नहीं होता है। जरूरत पड़ने पर प्रयाग मांझी अपने 3 सेक्शन फोर्स के साथ जंगल में घूमता है। फिलहाल 1 करोड़ का इनामी प्रयाग मांझी उर्फ करण दा सीसीएम ( सेंट्रल कमिटी मेंबर ) के पद पर है। लंबे समय तक जंगल में काम करने के बाद प्रयाग मांझी ने अपने करीबी टीम में शामिल किया था।

# कृष्ण मुरारी साहु जी को शैंडिक रत्न सम्मान प्रदान किया गया

मुरी ।



मंगलवार को तुलीन झालदा पुरलिया जिला के रहने वाले पश्चिम बंगाल सुंडी संघ तुलीन झालदा के संयोजक कृष्णा मुरारी साहु जी को छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज, के अध्यक्ष श्री शिवरतन प्रसाद गुप्ता जी , संरक्षक शयाम गुप्ता जी ,मुख्य संयोजक ओम प्रकाश गुप्ता जी ने रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में पश्चिम बंगाल सुंडी संघ के बैनर तले उत्कृष्ट कार्य कर संगठन को मजबूती देने में अहम योगदान देने के लिए कृष्ण मुरारी साहु जी को शैंडिक रत्न सम्मान प्रदान किया है। ज्ञात हो कि कृष्णा मुरारी साहु जी को रायपुर छत्तीसगढ़ जाना था लेकिन टाइफड बुखार होने के कारण सम्मान समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे। रायपुर छत्तीसगढ़ से रांची चल कर आए तीनों पदाधिकारियों ने अपने रांची प्रवास पर बासारुली मुरी सिल्ली निवासी सुंडी समाज में सक्रिय रूप से काम करने वाले तथा अपने जीवन में भारतीय सेना में पिछले 40 वर्षों तक सेवा देने वाले हरेंद्र प्रसाद साहु जी के द्वारा रायपुर छत्तीसगढ़ से भेजे पश्चिम बंगाल सुंडी संघ के संयोजक कृष्णा मुरारी साहु जी को उनका शौंडिक रत्न सम्मान को उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें सौंपा गया । पश्चिम बंगाल सुंडी संघ तुलीन झालदा पुरलिया निवाशी कृष्ण मुरारी साहु ने शौंडिक रत्न सम्मान पाकर अखिल भारतीय शौंडिक संघ के सभापति प्रो रामअवतार महतो एवं सम्मेलन सह सम्मान समारोह के आयोजक छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये पश्चिम बंगाल सुंडी संघ ही नहीं बल्कि पूरे पंच परगना क्षेत्र में जितने भी सुंडी समाज के लोग हैं उन सभी का सम्मान है । कृष्णा मुरारी साहु ने बताया कि मेरी तबियत खराब होने के कारण मैं सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सका लेकिन उसके बावजूद भी हमारे पश्चिम बंगाल सुंडी संघ के सम्मान को तुलीन झालदा पुरलिया भेज कर छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज ने पूरे पश्चिम बंगाल प्रदेश शौंडिक समाज का सम्मान बढ़ाया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता मै सभी माननीयों के प्रति पुनः आभार व्यक्त करता हूं।

# पावर लिफ्टिग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सिल्ली।





मंगलवार को केश फिटनेस यूनिसेक्स जिम, सिल्ली ने अपने दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर पावर लिफ्टिग प्रतियोगिता का आयोजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मूरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिम के मालिक केशव कुमार महतो द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में भारी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस पावर लिफ्टिग प्रतियोगिता में तीन श्रेणियों - स्क्वाट्स, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट के संयुक्त प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई। पुरुष वर्ग के विजेता को प्रथम स्थान निशांत, रोशन, देवराज और एम.डी. बिलाल को और द्वितीय स्थान शुभम, निर्मल, सूरज और अरुण एवं तृतीय स्थान अंकुर, रामजीवन, आदित्य और अमित को दिया गया महिला वर्ग के विजेता को
प्रथम स्थान शारदा एवं द्वितीय स्थान सुभ्रा को दिया गया! सभी विजेताओं को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निशांत अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि कुंदन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी सहायक होते हैं।

जिम के मालिक केशव कुमार महतो ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जिम सिल्ली के लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का समापन उत्साह और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच हुआ।





स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com